

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 351 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 18 अक्टूबर 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर — रोटरी क्लब के बैनर तले डांडिया नाईट का भव्य आयोजन 21 को

अंबेटिकरा में प्रज्जवलित हुआ सैकड़ों मनोकामना ज्योति कलश — पेज -8 पर


## कांग्रेस की चुनाव आयोग से गुहार, 'अमित शाह को पांच राज्यों में होने वाले चुनाव में जाने से रोका जाए'

**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के राजनांदगांव में दिए भाषण को 'हेट स्पीच' और 'दंगा भड़काने की कोशिश' करार देते हुए कांग्रेस ने पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव में प्रचार करने से रोके जाने की मांग की है. इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में मंगलवार को ज्ञापन सौंपा है. कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने ज्ञापन सौंपने के बाद पत्रकारों से चर्चा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष



अरूण साव और राजनांदगांव के प्रत्याशी डॉ. रमन सिंह के खिलाफ़ भी आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत की गई है. उन्होंने अमित शाह के भाषण को लेकर कहा कि आचार संहिता का उल्लंघन किया गया है. इस पर कार्रवाई की माँग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया है. उन्होंने बताया कि राजनांदगांव में रमन सिंह के नामांकन भरने के लिए पहुंचे थे. नामांकन के पहले अमित शाह ने चुनावी सभा को संबोधित किया था। उन्होंने कहा कि अमित शाह को पांच राज्यों में होने वाले चुनाव में प्रचार के लिए जाने से रोका जाए, क्योंकि जहां जा रहे हैं, वहां दंगा भड़काने की कोशिश कर रहे हैं. कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अमित शाह ने भाजपा के राजनांदगांव के प्रत्याशी डॉ. रमन सिंह के नामांकन के लिए आयोजित सभा में दिए गए अपने भाषण में दंगा भड़काने के उद्देश्य से कहा है कि उन्होंने बेमेतरा ज़िले के बीरनपुर में हुए हत्या के मामले को लेकर अपनी चुनाव सभा में सीधे कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने तुष्टीकरण के लिए वोट बैंक की राजनीति के लिए छत्तीसगढ़ के बेटे भुवनेश्वर साहू को लिंचिंग करवा कर मार दिया।

## प्रदेश में पहले चरण के लिए आज तीसरे दिन 16 नामांकन पत्र दाखिल

### पहले चरण के लिए अब तक 17 अभ्यर्थियों ने दाखिल किए 23 नामांकन पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज तीसरे दिन 11 अभ्यर्थियों ने 16 नामांकन पत्र दाखिल किए। इस प्रकार पहले चरण के लिए अब तक कुल 17 अभ्यर्थियों ने 23 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। तीसरे दिन कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 05,मोहला -मानपुर में 3, डोंगरगढ़ में 2 तथा खैरागढ़, अंतागढ़,कांकेर,



केशकाल,जगदलपुर और बीजापुर में एक -एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 निर्वाचन क्षेत्रों सहित राजनांदगाँव, , मोहला - मानपुर -अंबागढ़ चौकी , खैरागढ़- छुईखदान- गंडई तथा कबीरधाम जिलों के 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी तथा प्रत्याशी 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण के लिए 7 नवंबर को मतदान होगा जबकि दोनों ही चरणों के लिए मतगणना 3 दिसंबर को होगी। प्रथम चरण में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर , नारायणपुर , कोंडागांव ,केशकाल ,कांकेर , भानुप्रतापुर, अंतागढ़, मोहला- मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।

## एक नजर

### सुरक्षा बलों ने कोरंजेड-बंदेपारा के जंगल में एक नक्सली को किया ढेर, ए के 47 की बरामद



**बीजापुर।** माओवादी विरोधी अभियान पर निकली डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं केरिपु 170 की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर करने में कामयाबी हासिल की है. नक्सली के शव के पास से एक एके-47 बरामद किया गया है. मुठभेड़ पश्चात सर्चिंग अभियान जारी है. थाना मद्देड क्षेत्रान्तर्गत कोरंजेड-बंदेपारा के जंगल में मद्देड़ एरिया कमेटी प्रभारी DVCM नागेश, सचिव ACM बुचन्ना, ACM विश्वनाथ के साथ 15-20 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर आज सुबह बीजापुर से डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं केरिपु 170 की संयुक्त टीम अभियान पर निकली थी।

सर्चिंग के दौरान बंदेपारा के जंगल में पुलिस और माओवादियों की बीच मुठभेड़ हुई. सुरक्षा बल के जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग निकले. मुठभेड़ के बाद सर्चिंग के दौरान एक माओवादी का शव और एक एके47 हथियार बरामद किया गया है.

### छत्तीसगढ़ कांग्रेस का घोषणापत्र 25 के बाद

## नारी सम्मान योजना की तर्ज पर हो सकती है घोषणा

### महिलाओं और महंगाई पर रहेगा फोकस

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की 10 दिनों में घोषणा पत्र को लेकर अंतिम बैठक होने वाली है। ऐसे में 25 अक्टूबर के बाद घोषणापत्र जारी कर सकती है। कांग्रेस घोषणापत्र को इस तरह से तैयार कर रही है कि इसका असर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिले।

कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरता रहा है। ऐसे में महंगाई से राहत दिलाने वाले बिंदुओं को शामिल किया जा सकता है। वहीं मध्यप्रदेश कांग्रेस की नारी सम्मान योजना की तर्ज पर यहां भी योजना की घोषणा करने की तैयारी जारी है।



#### ये है नारी सम्मान योजना

एमपी कांग्रेस ने महिलाओं को साधने के लिए नारी सम्मान योजना की घोषणा की है। इसके अंतर्गत सभी महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह नारी सम्मान के रूप में दिए जाएंगे। साथ ही 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 100 यूनिट बिजली मुफ्त और 200 यूनिट बिजली आधी दर पर दी जाएगी। ऐसी योजना छत्तीसगढ़ में लाने की चर्चा है।

#### महिलाओं के लिए बनाई गई है उप समिति

कांग्रेस ने घोषणा पत्र में महिलाओं के मुद्दों को लाने के लिए हेमा देशमुख की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय उपसमिति बनाई थी। इस उपसमिति ने प्रदेश भर में महिलाओं से चर्चा कर उनके सुझाव लिए है। प्रदेश में इस बार महिला वोटर्स की संख्या पुरुष वोटर्स से ज्यादा है, यही वजह है राजनैतिक पार्टियों का भी आधी आबादी पर पूरा फोकस है।

#### अब तक हो चुकी हैं समिति की 3 बैठकें

*घोषणा पत्र समिति की अब तक 3 बैठकें हो चुकी हैं। सितंबर महीने में हुई बैठक में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा भी शामिल हुई थीं। इस बैठक के बाद अब अंतिम बैठक 25 अक्टूबर तक हो सकती है, जिसके बाद कांग्रेस पार्टी अपना घोषणा पत्र जारी करेगी।*

#### अब तक आए 4500 से ज्यादा सुझाव

*जनता के मन की बात जानने के लिए कांग्रेस ने ई-मेल और सीधे सुझाव मांगे थे। ऐसे सुझाव जो पार्टी को पसंद आएंगे, उन्हें वे अपने घोषणा पत्र में शामिल करेंगे। इसके लिए कांग्रेस ने ई-मेल आईडी जारी की थी, जिस पर लोग अपने सुझाव भेज सकेंगे। ई-मेल पर अब तक 2500 से ज्यादा सुझाव ई-मेल के जरिए आए हैं। वहीं हार्ड कॉपी के माध्यम से लगभग 1800 सुझाव मिले हैं।*

*छत्तीसगढ़ घोषणा पत्र समिति के सदस्य इदरीश गांधी ने बताया कि रायशुमारी चल रही है। प्रदेश के सभी वर्गों पर फोकस करते हुए घोषणा पत्र तैयार किया जा रहा है। कांग्रेस के वादे ऐसी होंगे, जिसे सरकार बनने के बाद पूरा किया जा सके। इसलिए सभी पहलुओं का अध्ययन करने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा।*

#### ये हैं घोषणा पत्र समिति के सदस्य

*कांग्रेस की घोषणा पत्र समिति में अध्यक्ष मोहम्मद अकबर, सदस्य रविन्द्र चौबे, शिवकुमार डहरिया, अमरजीत भगत, उमेश पटेल, प्रेमसाय सिंह टेकाम, धनेन्द्र साहू, फूलोदेवी नेताम, शैलेष पाण्डेय, अरुण वोरा, शिशुपाल सोरी, द्वारिकाधीश यादव, कुंवरसिंग निषाद, राजेश तिवारी, चुन्नीलाल साहू, इदरीश गांधी, हेमा देशमुख, अटल श्रीवास्तव, अजय तिर्की, राजेन्द्र जग्गी, वाणी राव, शेषराज हरवंश, आकाश शर्मा बनाये गए हैं।*

### छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

## कांग्रेस के 36 उम्मीदवारों के नाम तय!

**रायपुर।** कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लगभग सभी सीटों पर नाम तय कर लिया गया है. 15 से 20 सीटों पर अभी असमंजस बरकरार है. पार्टी सूत्रों के मुताबिक 36 उम्मीदवारों के नाम तय हो चुके हैं. दूसरी सूची में भी कई विधायकों के टिकट कट सकते हैं.

#### इन प्रत्याशियों के नाम लगभग तय

*भरतपुर से गुलाब कमरो*
*मनेंद्रगढ़ से प्रभा पटेल*
*बैकुंठपुर से अंबिका सिंहदेव*
*प्रेमनगर से भानुप्रताप सिंह*
*भटगांव से पारसनाथ राजवाड़े*
*रामानुजगंज से अजय तिर्की*
*लुंड्रा से डॉ. प्रीतम राम*
*लैलूंगा से चक्रधर सिंह सिदार*
*सारंगढ़ कांग्रेस पदमा मनहर या उत्तरी जांगड़े*
*धरमजयगढ़ से लालजीत सिंह*
*रामपुर से श्यामलाल कंवर*
*कटघोरा से पुरुषोत्तम कंवर*
*लोरमी से थानेश्वर साहू*
*मुंगेली कांग्रेस रूपलाल कोसरे या संजीत बनर्जी*
*बिलासपुर से शैलेष पांडेय*
*अकलतरा से कांग्रेस राघवेंद्र सिंह*
*चंद्रपुर से रामकुमार यादव*
*जैजैपुर से चौलेश्वर चंद्राकर या*




*टेकचंद चंद्रा*
*पामगढ़ से शेशराज हरबंश या रवि भारद्वाज*
*बसना से देवेंद्र बहादुर*
*बिलाईगढ़ से पीयूष कोसरे या कविता प्राण लहरे*
*कसडोल से संदीप साहू या रोहित साहू*
*बलौदाबाजार से छाया वर्मा या शैलेश नितिन त्रिवेदी*
*धरसींवा से चंद्रशेखर शुक्ला या देवव्रत नायक*
*रायपुर ग्रामीण से पंकज शर्मा*
*रायपुर पश्चिम कांग्रेस विकास उपाध्याय*
*रायपुर दक्षिण से रामसुंदर दास या प्रमोद दुबे*
*28 अभनपुर से धनेंद्र साहू*
*राजिम से अमितेश शुक्ला*
*बिंद्रानवागढ़ से संजय नेताम*
*गुंडरदेही से कुंवर सिंह निषाद या प्रतिमा चंद्राकर*
*दुर्ग शहर से अरुण वोरा*
*भिलाई नगर से श्रुति यादव*
*वैशाली नगर कांग्रेस तुलसी साहू या मुकेश चंद्राकर*
*अहिवारा कांग्रेस निर्मल कोसरे*
*बेमेतरा से आशीष छाबड़ा।*

## चलती गाड़ी में लगी आग, बच्चे महिला सहित 12 लोग थे सवार, सभी सुरक्षित

### राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर जुझारा नाला के आगे तरौद के पास की है घटना

**बालोद ।** जिले के जुझारा नाला के आगे ग्राम तरौद में एक तूफान सवारी वाहन में अचानक आग लग गई। आग लगने की वजह से वाहन धू-धू कर जलने लगी, लेकिन गनीमत यह रही कि वाहन में सवार बच?चे, महिला समेत 12 लोग किसी तरह जान बचाने में सफल रहे।

वही बता दे कि कांकेर जिले के लखनपुरी गांव के कुछ श्रद्धालु डोंगरगढ़ से माँ बम्लेश्वरी का दर्शन कर वापस अपने घर





लखनपुरी लौट रहे थे तभी मंगलवार की दोपहर 11¬30 बजे के आसपास बालोद से डौंडीलोहारा राजनांदगांव मार्ग पर जुझारा नाला के आगे तरौद के पास चलते हुए तूफान सवारी वाहन में अचानक आग लग गई। जानकारी अनुसार इस तूफान में वाहन सवार बच्चे महिला सहित 12 लोग मौजूद थे जो डोगरगढ़ मां बमलेश्वरी के दर्शन करके लौट रहे थे। जैसे ही वहां मालीघोरी के जुझारा नाला के आगे पहुंची थी की गाड़ी से धुआं निकलना शुरू हुआ पीछे से किसी राहगीर ने ड्राइवर को बताया की आपकी गाड़ी के पीछे आग लग गई है तुरंत ड्राइवर सहित दर्शनार्थी सतर्क हो गए और तत्काल गाड़ी को किनारे खड़े कर बाहर निकाल कर अपनी जान बचाए। देखते ही देखते वाहन तेज आग की लपटों में आ गया। घटना की भयावह स्थिति को देखते हुए आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस प्रशासन को खबर की और रास्ता बंद कराया गया। और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई इसके पश्चात फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचकर आग बुझाई तब तक गाड़ी जलकर खाक हो चुकी थी पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है। आग कैसे लगी अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं घटना में किसी भी व्यक्ति को हताहत नहीं हुआ है। समय रहते गाड़ी में सवार लोगों ने वाहन से उतरकर अपनी जान बचा ली।

## रेणुका सिंह का विवादित बयान, कहा- सोनिया गांधी को धक्के मारकर इटली भेजें

**अंबिकापुर।** सरगुजा सांसद और सोनहत-भरतपुर विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी रेणुका सिंह का एक बयान को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं. रेणुका सिंह सोमवार को नामांकन दाखिल करने भरतपुर पहुंची थी. इसी बीच प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बाहरी प्रत्याशी के सवाल पर उन्होंने सोनिया गांधी को धक्के मार कर इटली भेजने की बात कह डाली। जब पत्रकारों ने रेणुका सिंह से पूछा की आपको बाहरी प्रत्याशी बताया जा रहा है, इस पर आप क्या कहेंगी ? प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि 'वो सोनिया गांधी को धक्के मारकर इटली भेजें, उसके बाद मेरे लिए क्वेश्चन करें'.

#### जनसंपर्क कार्यक्रम में नियमों का उल्लंघन

रविवार को महिला प्रत्याशी रेणुका सिंह ने जनसंपर्क कार्यक्रम किया था. उड़नदस्ता दल ने कार्यक्रम के दौरान इसका वीडिया बना लिया। प्रत्याशी रेणुका सिंह ने इस कार्यक्रम



के लिए संबंधित कार्यालय से कोई अनुमति प्राप्त नहीं की थी और न ही विधानसभा भरतपुर-सोनहत के रिटर्निंग ऑफिसर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरतपुर से जारी कोई अनुमति पत्र उड़नदस्ता दल को अवलोकन के लिए प्रस्तुत किया गया।

### रेणुका सिंह के सोनिया गांधी पर की गई टिप्पणी पर बवाल

## रेणुका सिंह ने सनातन धर्म और हिंदू संस्कृति का किया अपमान-दीपक बैज

**रायपुर।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी रेणुका सिंह ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के बारे में टिप्पणी की है. जिसका प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद दीपक बैज ने कड़ा विरोध जताया है. उन्होंने कहा कि रेणुका सिंह का बयान बेहद ही आपत्तिजनक और अस्वीकार्य है.

रेणुका सिंह ने सिर्फ सोनिया गांधी नहीं भारत की समस्त नारी शक्ति, सनातन धर्म और हिंदू संस्कृति का अपमान किया. सनातन परंपरा में भारतीय




संस्कृति में विवाहिता स्त्री का विवाह के बाद ही उसका ससुराल ही उसका मूल घर हो जाता है. सोनिया गांधी ने जन्म इटली में लिया था, लेकिन वे विवाहित होकर भारत आई थी विवाह के बाद उन्होंने भारत को ही अपनी मातृभूमि माना, अपने पति की शहादत के बाद भी उन्होंने विवाहिता के धर्म का निर्वहन किया तथा अपने जीवन भर का नाता भारत से जोड़ा.

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की नेता और सांसद के रूप में सोनिया गांधी ने भारत के आम आदमी को शसक्त बनाने के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया. यूपीए की चैयरमेन के रूप में देश के लोगों को सूचना का अधिकार, रोजगार का अधिकार दिया।

### पुरंदर मिश्रा को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं से आवाज बुलंद करने का आव्हान

## भाजपा का मजबूत गढ़ है उत्तर विधानसभा- सुनील सोनी

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सोनी ने रायपुर उत्तर विधानसभा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा को जिताने के लिए हर मोर्च पर डटे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने चुनाव अभियान के सार्थक परिणाम के लिए कार्यकर्ताओं को मंत्र भी दिया।

कहा, विजयश्री के लिहाज से रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र पूरी तरह भाजपा के लिए अनुकूल सीट है। बीजेपी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्होंने कहा कि इस चुनाव को अग्रेसिव तरीके से



लड़कर जीत हासिल करना बीजेपी का प्रमुख लक्ष्य है। इसके लिए कार्यकर्ता कमर कसकर डट जाएं। बीजेपी कार्यकर्ताओं की बैठक में सांसद सुनील सोनी ने आगे कहा कि रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी ने इस बार जननेता पुरंदर मिश्रा को चुनाव लड़ने का अवसर दिया है, जो हम सबके लिए गौरव की बात है। इस विधानसभा क्षेत्र में उत्कल समाज, सिंधी समाज, मुस्लिम, जैन, सिख और गुजराती समाज हर धर्म, समाज, समुदाय और वर्ग के लोग निवासरत हैं, जिनका जुड़ाव और झुकाव पूरी तरह बीजेपी की ओर है। वहीं कई ऐसे समाज भी हैं जिनकी संख्या जरूर सीमित है लेकिन चुनाव में इनकी भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है। ऐसे समाज के लोग फिजां बदलने में हमेशा पूरी तरह सक्षम साबित हुए हैं। रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा की जीत के लिए ऐसे सभी समाज के लोगों का सहयोग लेना बेहद जरूरी है। चुनाव की तैयारियों ने गति पकड़ ली है। इसी कड़ी में हम सभी भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं को अपनी आवाज बुलंद करने की जरूरत है और यह होना भी चाहिए। सुनील सोनी ने कार्यकर्ताओं से कहा, चुनाव में सफलता पाने का प्राथमिक औजार हैंडबिल होता है, जिसे हर हाल में घर-घर तक पहुंचाना है। उत्तर विधानसभा क्षेत्र में सभी 4 मंडल के लिए भाजपा मंडल कार्यालय और एक मुख्य कार्यालय खोला जाएगा। इन कार्यालयों के उद्घाटन में मैं खुद भी मौजूद रहूंगा, ऐसा कहकर उन्होंने युवाओं में जोश भरा और चुनाव की तैयारी के लिए कई टिप्स भी दिए।

# यमुना नदी में गहराता प्रदूषण केजरीवालसरकार की नाकामी का सबसे बड़ा उदाहरण है

*यमुना नदी का प्रदूषित जल और जहरीला झाग यह दर्शाने के लिए काफी है कि अरविंद केजरीवाल सरकार के दावों और हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर है। इच्छाशक्ति हो तो गंगा जैसी बड़ी नदी को भी प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है, यह संकल्प देश ने सिद्ध करके दिखाया है। दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार की नाकामियों के चलते यमुना नदी एक बार फिर सुर्खियों में है।*

हम आपको याद दिला दें कि इस साल मॉनसून के दौरान यमुना नदी में बाढ़ आई थी तो केजरीवाल सरकार ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए हरियाणा सरकार पर हथिनी कुंड बैराज से ज्यादा पानी छोड़ने का आरोप लगा दिया था।

अब यमुना नदी में जल प्रदूषण का स्तर गहरा गया है तो जल्द ही इसका भी आरोप किसी और पर मढ़ दिया जायेगा। केजरीवाल सरकार ने यमुना नदी की सफाई के कितने ही वादे किये, तमाम तरह के फंड जारी करने की बात भी कही, यही नहीं चुनावों के दौरान अरविंद केजरीवाल ने वादा भी किया कि यदि यमुना साफ नहीं कर पाया तो मुझे वोट मत देना, लेकिन वह कभी भी अपने वादों पर खरे नहीं उतरे। हालत यह है कि आज यमुना नदी विश्व की सर्वाधिक प्रदूषित नदियों में शुमार है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों की सूची में अक्सर शीर्ष स्थान पर बनी रहती है।

देखा जाये तो दिल्ली में यमुना नदी का प्रदूषित जल और जहरीला झाग यह दर्शाने के लिए काफी है कि अरविंद केजरीवाल सरकार के दावों और हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर है। इच्छाशक्ति हो तो गंगा जैसी बड़ी नदी को भी प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है, यह संकल्प देश ने सिद्ध करके दिखाया है। इसलिए सवाल उठता है कि यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने की राह में ऐसी कौन-सी बाधाएं हैं जिनको केजरीवाल सरकार दूर नहीं कर पा रही है। देश की राजधानी की हवा और पानी यदि सर्वाधिक प्रदूषित की श्रेणी में आएं तो यह शर्म की बात है।

केजरीवाल सरकार खुद को हिंदूवादी दर्शाने के लिए एक तरफ मोदी सरकार से मांग करती है कि नोटों पर श्रीगणेश और लक्ष्मीजी की तस्वीर प्रकाशित की जाये लेकिन दूसरी ओर दिल्ली में हिंदुओं के आस्था स्थलों की साफ-सफाई का बिल्कुल ख्याल नहीं रखती। अभी हाल ही में गणेशोत्सव के समापन के समय जब श्रद्धालु गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए यमुना के किनारों पर पहुँचे थे तब प्रदूषित जल में झाग के पहाड़ को देखकर ऐसा लग रहा था कि वह किसी ग्लेशियर पर खड़े हैं। इस समय चल रहे नवरात्रि पर्व के समापन के बाद जब श्रद्धालु दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के लिए आयेंगे तब भी उन्हें यमुना के प्रदूषित जल में झाग का ऐसा गुबार देखने को मिलेगा कि उन्हें भी किसी ग्लेशियर पर उपस्थित होने का अहसास होगा।



**यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने की राह में ऐसी कौन-सी बाधाएं हैं जिनको केजरीवाल सरकार दूर नहीं कर पा रही है।**

बहरहाल, आस्था का महापर्व छठ भी आने वाला है। इस दौरान बड़ी संख्या में छठ व्रती यमुना के जल में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगे। जल प्रदूषित होने से श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा लेकिन लगता है

राज्य सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं है। इसलिए भाजपा सांसद मनोज तिवारी और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा कालिंदी कुंज के पास यमुना की हालत का जायजा लेने पहुँचे। भाजपा नेताओं ने नाव से सवारी कर यमुना की स्थिति देखी और फिर केजरीवाल सरकार पर जोरदार निशाना साधा। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में और स्थानीय नेता इसी प्रकार नाव से यमुना के प्रदूषण का जायजा लेंगे और राज्य सरकार पर निशाना साधेंगे, पलटवार में राज्य सरकार भाजपा पर निशाना साधेगी और यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए उठाये गये कदमों की जानकारी देगी। लेकिन यमुना प्रदूषित की प्रदूषित बनी रहेगी।

**नीरज कुमार दुबे**

## संपादकीय

### इजराइल के विवेक की परीक्षा!

क्या गाजा में रह रहे फिलिस्तीनियों को वहां की जमीन खाली करने लिए 24 घंटे की जो डेडलाईन दी गई थी वह समाप्त हो गई है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दक्षिण इजराइल में बड़ी संख्या में मौजूद सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा है कि ''अगला चरण शुरू होने वाला है卐। इससे पहले इजरायली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के एक प्रवक्ता ने 12 अक्टूबर को कहा कि ''गाजा में जो होने वाला है उसे देखना मुश्किल होगा卐 ।सवाल है गाजा पट्टी को खाली करवाकर इजराइल, क्या हमास के खिलाफ युद्ध जीत सकता है? फिलहाल पूरी दुनिया की निगाह गाजा पट्टी पर है। दुनिया जहां मौतों की सुनामी के लिए तैयार हो रही है वही इजराइल को यह समझाने का प्रयास भी हो रहा हैं कि वह जो करने जा रहा है उसके नतीजे प्रलयकारी होंगे। इससे दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में जिस तरह का रोष और गुस्सा पनपेगा उससे इजराइल और मध्यपूर्व हमेशा के लिए बदल जाएंगे। इजराइल ने घोषणा की है कि वह धरती से हमास का नामोनिशां मिटा देगा। इजराइल का गुस्सा जायज है। पिछले हफ्ते जो हुआ वह बर्बर था और उसने होलोकास्ट की भयावह यादें ताजा कर दीं। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि हमास एक आतंकी संगठन है जो युवाओं के दिमाग में ज़हर भरता है, और उन्हें ईरान से हथियार और प्रशिक्षण उपलब्ध करवाता है। फिर उन्हें खूनखराबा करने के लिए खुला छोड़ देता है।

# स्वास्थ्य सेवा की बदहाल तस्वीर, विधानसभा चुनाव में यह राजनीतिक मुद्दा क्यों नहीं ?

**म**हाराष्ट्र के परभणी जिले के उस बढ़ई की पीड़ा भला किसे याद है, जिसे हाल ही में नांदेड़ के शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में अपने तीन दिन के नवजात बच्चे को खोना पड़ा था। परभणी के डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि सिजेरियन सेक्शन ऑपरेशन के दौरान, जिसे आमतौर पर सी-सेक्शन कहा जाता है, बच्चे के शरीर में दूषित पानी चला गया है, इसलिए उसे वेंटिलेटर सपोर्ट की जरूरत है। बेहतर इलाज की उम्मीद में तीन दिन के नवजात शिशु के पिता ने परभणी से नांदेड़ सरकारी अस्पताल तक पहुंचने के लिए 80 किलोमीटर का लंबा सफर तय किया। हालांकि नांदेड़ का शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भी चिकित्सा आपूर्ति की भारी कमी से जूझ रहा था, जिसके चलते अंततः नवजात बच्चे की जान चली गई। वह पिता पूरी तरह टूटकर तबाह हो गया। एक राष्ट्रीय समाचार पत्र के संवाददाता से उन्होंने कहा, 'मुझे यह समझ में नहीं आता कि मैं अपनी पत्नी को जाकर क्या बताऊं। वह तो यह हृदय विदारक खबर सुनकर जीते-जी मर जाएगी।'

उसी अस्पताल की बदइंतजामी के कारण एक अन्य व्यक्ति योगेश सोलंकी भी अपने परिजन की मृत्यु से शोकाकुल थे। उनके भाई के एक दिन के नवजात बच्चे की मौत भी उसी अस्पताल में हो गई थी। सोलंकी ने मीडिया को बताया कि उस सप्ताहांत अस्पताल के नवजात शिशु वार्ड में बहुत भीड़ थी, जहां नवजात शिशुओं का इलाज किया जा रहा था। हालत इतनी बुरी थी कि जहां एक इनक्यूबेटर में केवल एक शिशु को रखने की व्यवस्था होती है, वहां चार से पांच शिशुओं को रखा गया था। युद्ध, बम धमाके, प्राकृतिक आपदाओं की




लगातार आती खबरों के बीच हम ऐसे लोगों की पीड़ाओं को भला कितनी जगह दे पाते हैं! नांदेड़ मेडिकल कॉलेज 600 बिस्तरों का अस्पताल होने का दावा करता है, जहां महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ के साथ-साथ तेलंगाना के सीमावर्ती जिलों के मरीजों का इलाज होता है। स्थानीय मीडिया लगातार इस मेडिकल कॉलेज की बदतर स्वास्थ्य सुविधाओं की खबरें प्रकाशित करता रहा है। हालांकि 30 सितंबर और एक अक्तूबर को स्थिति और भी बदतर थी, जब चिकित्सा सामग्रियों की आपूर्ति और चिकित्साकर्मियों, दोनों की भारी कमी थी। नतीजतन मात्र 48 घंटों के भीतर नांदेड़ के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में मरने वालों की संख्या 35 हो गई थी, जिनमें से 16 शिशु थे। यही नहीं, देश के सबसे संपन्न राज्यों में गिने जाने वाले महाराष्ट्र के ही छत्रपति संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद) के सरकारी मेडिकल कॉलेज में 14 अन्य लोगों की जान चली गई, जो राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की बदहाली का प्रतीक है। एक के बाद एक हुई मौत देश भर के मीडिया में सुर्खी बनी, लेकिन फिर नई-नई खबरें आने के बाद सब कुछ सामान्य हो गया। यह सिर्फ मात्र एक राज्य के किसी खास सरकारी अस्पताल की कहानी नहीं है, बल्कि देश भर के अधिकांश सरकारी अस्पताल इसी तरह की बुनियादी सुविधाओं, चिकित्सा सामग्रियों और चिकित्साकर्मियों की कमी से जूझ रहे हैं। हम पहले भी इस तरह की स्थितियों से गुजर चुके हैं। जैसा कि अक्सर होता है, इस बार हुई मौतों की भी जांच चल रही है। उम्मीद करनी चाहिए कि इन जांच निष्कर्षों से हम गंभीरतापूर्वक यह समझ पाएंगे कि आखिर गलती कहां हुई? हालांकि हम पहले से ही कुछ कड़वा सच जानते हैं।

महाराष्ट्र सरकार ने इस साल मार्च में चिकित्सा वस्तु खरीद प्राधिकरण अधिनियम, 2023 पारित किया है। इस तरह का कानून पारित करने वाला महाराष्ट्र पहला राज्य है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के लिए दवाओं, चिकित्सा वस्तुओं, चिकित्सा उपभोग्य सामग्रियों, यंत्रों, उपकरणों आदि की एकल बिंदु खरीद और आपूर्ति के लिए एक समर्पित प्राधिकरण की स्थापना करना है। इससे सार्वजनिक अस्पतालों में दवाओं की कमी को कम करने में मदद मिलती, लेकिन इस कानून को लागू करने में देरी हुई। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, समिति के गठन, प्रोटोकॉल की स्थापना, आदि से संबंधित मुद्दों के कारण इस कानून को लागू किए जाने में देरी हुई।

## मिला जुला

# चंद्रमा पर पहला भारतीय, अंतरिक्ष स्टेशन, मिशन गगनयान...

## पीएम मोदी ने इसरो चीफ के साथ की बैठक



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने भारत के गगनयान मिशन की प्रगति का आकलन करने और भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों के भविष्य की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की. अंतरिक्ष विभाग ने गगनयान मिशन का एक व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें अब तक विकसित विभिन्न प्रौद्योगिकियां जैसे मानव-रेटेड लॉन्च वाहन और सिस्टम योग्यता शामिल हैं.

### 21 अक्टूबर को होगा क्रू एस्केप सिस्टम टेस्ट

ये नोट किया गया कि ह्यूमन रेटेड लॉन्च व्हीकल के 3 अनक्रूड मिशनों सहित लगभग 20 प्रमुख परीक्षणों की योजना बनाई गई है. क्रू एस्केप सिस्टम टेस्ट व्हीकल की पहली प्रदर्शन उड़ान 21 अक्टूबर को निर्धारित है. बैठक में मिशन की तैयारी का मूल्यांकन किया गया और 2025 में इसके लॉन्च की पुष्टि की गई.

### 2040 तक चंद्रमा पर पहला भारतीय

हाल के चंद्रयान-3 और आदित्य एल1 मिशन सहित भारतीय अंतरिक्ष पहल की सफलता के आधार पर प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि भारत को अब 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और 2040 तक चंद्रमा पर पहला भारतीय भेजना सहित नए और महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए. इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए अंतरिक्ष विभाग चंद्रमा की खोज के लिए एक रोडमैप विकसित करेगा. इसमें चंद्रयान मिशनों की एक श्रृंखला अगली पीढ़ी के लॉन्च वाहन (एनजीएलवी) का विकास, एक नए लॉन्च पैड का निर्माण, मानव-केंद्रित प्रयोगशालाओं और संबंधित प्रौद्योगिकियों की स्थापना शामिल होगी.

### अन्य ग्रहों पर भी भेजे जाएंगे मिशन

प्रधानमंत्री ने भारतीय वैज्ञानिकों से अंतरग्रहीय मिशनों की दिशा में काम करने का भी आह्वान किया, जिसमें एक वीनस ऑर्बिटर मिशन और एक मंगल लैंडर शामिल होगा. प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की क्षमताओं पर विश्वास व्यक्त किया और अंतरिक्ष अन्वेषण में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए देश की प्रतिबद्धता की पुष्टि की.

## सुप्रीम कोर्ट का एलजीबीटी समुदाय को झटका

# समलैंगिक विवाह को मंजूरी नहीं

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए सेम सेक्स मैरिज या समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया है। 5 जजों की पीठ ने यह फैसला सुनया, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस हिमा कोहली, जस्टिस एस रवींद्र भट्ट और जस्टिस पीएस नरसिम्हा शामिल रहे। खास बात है कि बेंच ने पहले ही साफ कर दिया है कि यह मामला स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 के दायरे में रहेगा। कोर्ट ने 11 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

फैसले में जस्टिस कोहली, जस्टिस भट्ट और जस्टिस नरसिम्हा की राय CJI चंद्रचूड़ और जस्टिस कौल से अलग रही। ऐसे में मामला 3-2 को हो गया और अदालत ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया। 3-2 के साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि नॉन हेट्रोसेक्शुल को साझा रूप से बच्चा गोद लेने की अनुमति नहीं दे सकते। पांचों न्यायाधीशों में से चार ने अलग-अलग फैसला सुनाया। इनमें सीजेआई चंद्रचूड़ और जस्टिस कौल शादी को मान्यता देने के पक्ष में नजर आए। वहीं, जस्टिस भट्ट, जस्टिस कोहली और जस्टिस नरसिम्हा ने इसे मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती। जब शादी का अधिकार सिर्फ वैधानिक होता है और मौलिक नहीं, तो इसे कानूनी तौर पर लागू नहीं किया जा सकता।



CJI ने कहा कि यह संसद को देखना होगा कि स्रूमें बदलाव की जरूरत है या नहीं। उन्होंने कहा, यह अदालत कानून नहीं बना सकती। यह केवल उसके बारे में बता सकती है और उसे प्रभाव में ला सकती है। उन्होंने बताया कि अदालत ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का बयान रिकॉर्ड कर लिया है, जिसमें उन्होंने क्वीर यूनियन में शामिल लोगों के अधिकार तय करने के लिए समिति गठित करने की बात कही थी। उन्होंने इस दौरान सरकार को भी समलैंगिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कदम उठाने के निर्देश सरकार को दिए हैं।

### रेलवे ने बिहार के लिए शुरू की स्पेशल ट्रेनें

दुर्गा पूजा, दशहरा, दिवाली और छठ पूजा पर बिहार आने के लिए लोगों को जद्दोजहद करनी पड़ रही है। रेगुलर चलने वाली ट्रेनों में सीटें महीनों पहले ही फुल हो गईं। भीड़ को देखते हुए रेलवे ने दिल्ली, मुंबई, जम्मू, पंजाब समेत अन्य जगहों से बिहार के लिए स्पेशल ट्रेनें शुरू की हैं। दिल्ली के आनंद विहार से सहरसा, जम्मूतवी से बरौनी और फिरोजपुर से पटना के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस से समस्तीपुर के बीच भी एक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। गाड़ी सं. 01664 आनंद विहार-सहरसा फेस्टिवल स्पेशल 16 अक्टूबर से 27 नवंबर तक हर सोमवार को आनंद विहार से दिन में 11.10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11.20 बजे सहरसा पहुंचेगी।

## हमास का अंत करने में जुटा इजरायल, गाजा में आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर रहा आईडीएफ

**तेल अवीव।** हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में इजरायल डिफेंस फोर्स लगातार सैन्य कार्रवाई को अंजाम दे रहा है। आतंकी संगठन हमास को पूरी तरह से नेस्तनाबूद करने के उद्देश्य से इजरायली सेना गाजा में आतंकी ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी कर रही है।

मंगलवार को इजरायल डिफेंस फोर्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ङ्ग पर एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में देखा जा सकता है कि इजरायली सेना गाजा में कई ठिकानों पर बमबारी कर रही है। वीडियो पोस्ट करते हुए



इजरायल डिफेंस फोर्स ने लिखा, रात में आईडीएफ के लड़ाकू विमानों के जरिए गाजा में हमास के कई ठिकानों पर बमबारी की गई। हमास के एक सैन्य मुख्यालय पर हमला किया और एक हमास के सैन्य संचालक को मार गिराया गया। वहीं, हमास आतंकियों को वित्तीय मदद पहुंचाने वाले एक बैंक को भी ध्वस्त कर दिया गया।

फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के साथ काम करने वाले 13,000 स्टाफ भी इस समय गाजा में फंसे हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने जानकारी दी कि गाजा में फंसे हमारे स्टाफ काफी भयभीत हैं और वहां के हालात की तुलना नर्क से की है।

## एक नजर

### दुबई से 2 करोड़ रुपए भेजा बिहार तो ईडी ने मारी रेड, भाभी के खाते में भी ट्रांसफर किए थे 40 लाख रुपए



प्रवर्तन निदेशालय के रडार पर बिहार का एक परिवार तक चढ़ गया जब जांच एजेंसी को यह जानकारी मिली कि दुबई से इस परिवार के खाते में दो करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए हैं. ये राशि महज छह महीने में भेजे जाने की सूचना मिलने के बाद ईडी ने कार्रवाई की और रेड मारी. सीवान जिले में सोमवार की सुबह पटना से इडी की टीम के आने को लेकर दिनभर चर्चा बनी रही. तकरीबन आठ घंटे तक रही इडी की टीम ने पचरुखी थाना क्षेत्र के जसौली के मान सिंह के टोला में राजनारायण सिंह के घर पर छापेमारी की. कहा जा रहा है कि इस घर के एक युवक द्वारा दुबई से छह माह में दो करोड़ रुपये भेजने की सूचना मिलने पर इसकी तहकीकात में यह टीम पहुंची थी. इस छानबीन के दौरान कई बैंक पास बुक व अन्य कागजात इडी के हाथ लगी है. जिसे जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए दोपहर बाद फिर पटना के लिए रवाना हो गयी. इडी के छापामारी की कार्रवाई से स्थानीय प्रशासन अनभिज्ञता जता रहा है.


### आप सांसद को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत, फैसला आने तक सरकारी बंगले में रह सकते हैं राघव चड्ढा




नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने सरकारी बंगले के आवंटन से जुड़ी याचिका पर फैसला सुनाते हुए सांसद राघव चड्ढा की अपील मंजूर कर ली है। चड्ढा को तीन दिनों के भीतर निचली अदालत के सामने अपना रिप्रजेंटेशन देना होगा।

## इजरायल के साथ जॉर्डन भी जाएंगे जो बाइडेन, मिस्र और सऊदी अरब से भी बात

**इजरायल** और हमास के युद्ध के बीच अमेरिका का रुख नरम पड़ता दिखाई दे रहा है। किसी तरह युद्ध रोकने के लिए अमेरिका सऊदी आरब और मिस्र से भी बातचीत में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। अमेरिका राष्ट्रपति एंटनी ब्लिंकन पहले हमास को समझाने के लिए सऊदी अरब से बात करने पहुंचे थे। अब राष्ट्रपति जो बाइडेन खुद इजरायल और जॉर्डन का दौरा करने वाले हैं। इजरायल में वह पीएम नेतन्याहू के साथ बातचीत करेंगे और इसके बाद जॉर्डन में इजरायली और अरब लीडरशिप से बात करेंगे। अमेरिका एक तरफ इजरायल के साथ खड़े होने की बात कर रहा है तो दूसरी तरफ अरब देशों से बात करके गाजा में मदद पहुंचाने की भी पहल में जुटा है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंक ने बताया है कि गाजा पट्टी में बड़ी तबाही हुई है। वहीं इजरायल अब 367 वर्ग किलोमीटर में जमीनी हमला करने की भी तैयारी कर रहा है।



विधानसभा निर्वाचन 2023

# सीमा पर अवैध परिवहन एवं असामाजिक तत्वों पर हो निगरानी-कलेक्टर

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने इनफोर्समेंट एजेंसी की ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़.बिलाईगढ़।

**भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन-2023 आचार संहिता लागू होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने इनफ र्सिमेंट एजेंसी की समीक्षा बैठक ली।**




इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, डीएफओ गणेश यू आर, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी,उप पुलिस अधीक्षक मनीष कुंवर एवं संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने कहा कि स्वतंत्र निष्पक्ष निर्वाचन कराना प्रशासन का उद्देश्य है। इसलिए सभी विभागीय अधिकारी अंतर्राज्जीय सीमा पर असामाजिक तत्वों की घुसपैठ, शराब की तस्करी, नगद राशियों की आवाजाही, बिना विधिमान्य, वाउचर एवं बिना जीएसटी भुगतान के सामग्रियों का परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करें। इस दौरान आयकर अधिकारी अमरीश कुमार ने चेकपोस्ट पर काम रहे जांच दलों एसएसटी और एफ एसटी की टीम को आचार संहिता के दौरान अवैध कैश मोबिलाइजेशन को रोकने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दिए। उन्होंने चेकिंग के दौरान अलग-अलग वस्तुओं पर लगने वाले कर के निर्धारण के संबंध में जानकारी दी। इसके पश्चात् कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने उपस्थित सभी बैंक प्रतिनिधियों से अकाउंट में होने वाले बड़े ट्रांजेक्शन एवं संदेहास्पद लेनेदेन की रिपोर्ट लीड बैंक मैनेजर को देने को कहा, ताकि उसकी जांच की जा सके। उन्होंने ट्रांजेक्शन पर इनकम टैक्स को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बैंक के कैश वाहनों के बिना रूकावट परिवहन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित क्यूआर जनरेट कर लगवाने के निर्देश दिए। जिसमें सोर्स एवं डेस्टिनेशन जैसे जानकारी उपलब्ध हो। उन्होंने सभी बैंकों को इस पर तत्काल कार्य करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने अवैध शराब, ड्रग्स, कैश पर संबंधित विभागों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को उक्त मामलों पर सख्ती से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने चेकिंग की संयुक्त टीम को आवश्यक सावधानी बरतते हुए टीम बनाकर चेकिंग करने को कहाए साथ ही बाहरी राज्यों की गाड़ियों पर ध्यान देते हुए प्रतिदिन की रिपोर्ट अद्यतन अपडेट करने के निर्देश दिए।



## एक नजर

जादू टोना के आरोप में बुजुर्ग दंपति की पिटाई

### सालेभांठा सरपंच को पुलिस ने उसके दो बेटे और 5 साथियों को किया गिरफ्तार

कोर्ट से मिली जमानत



**देवभोग।** देवभोग थाना क्षेत्र के बनवापारा गांव में रहने वाले 68 वर्षीय मानसिंह ओटी और पत्नी के साथ जादू टोना का आरोप लगाकर गांव में ही रहने वाला सालेभांठा सरपंच प्रेमसिंह ओटी अपने दोनों बेटे गुनेश्वर,दयानंद समेत अन्य 5 सहयोगी के साथ मिलकर पिटाई कर दिया था। आज देवभोग पुलिस ने सभी 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर देवभोग न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया है। थाना प्रभारी गौतम चंद गावड़े ने बताया कि, घटना 27 सितंबर की रात की है। जब पुरा परिवार भोजन के बाद अपने घर पर सो रहा था। आधी रात लगभग साढ़े 12 बजे आरोपियों ने परिवार के चारो सदस्य को हाथ मुक्का से पिटाई कर गन्दी गाली दे रहे थे। आरोपी प्रेमसिंह द्वारा पीड़ित पर बच्चे को जादू टोना करने का आरोप लगाकर गला दबा दिया गया था। पीड़ित परिवार के शिकायत पर आरोपियों के विरूद्ध 28 सितंबर को धारा 452,294, 323,506,147 के अलावा टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005 के तहत मामला दर्ज कर लिया था।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023

### आचार संहिता के दौरान निगरानी दलों ने 5 करोड़ 57 लाख रूपए की नकद और वस्तुएं की जब्त

**रायपुर।** प्रदेश में निगरानी दलों की सघन जाँच के दौरान अवैध धनराशि तथा वस्तुओं की बरामदगी का आँकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। 16 अक्टूबर तक यह आंकड़ा 5 करोड़ 57 लाख रूपए से अधिक हो गया है। निगरानी दल, धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर नजर रख रही है जिसमें 16 अक्टूबर तक 5 करोड़ 57 लाख 18 हजार 352 रूपए की राशि तथा वस्तु बरामद की गई है। इसमें 85 लाख 2 हजार 655 रूपए से अधिक नकद राशि बरामद की गई है। निगरानी के दौरान अब तक 11 हजार 851 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 37 लाख 57 हजार 549 रूपए है। साथ ही 1838 किलोग्राम अन्य नशीली वस्तुएं जिसकी कीमत लगभग 62 लाख रुपए है भी बरामद किया गया है। सघन जाँच अभियान के तहत अधिकारियों ने अवैध रूप से अन्य सामग्रियों जिनकी कीमत 2 करोड़ 03 लाख 563 रूपए है जब्त की हैं। इसके अतिरिक्त 1 करोड़ 70 लाख रूपए कीमत के 63 किलोग्राम से अधिक कीमती आभूषण तथा रत्न भी तलाशी के दौरान जब्त किया गया है।

### हरदीबाजार पुलिस द्वारा 40 लीटर महुआ शराब किया गया जप्त

**कोरबा** ।पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री श्री रविशन गुड़िया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी हरदीबाजार नितिन उपाध्याय के नेतृत्व में 16/10/2023 को मुखबीर सूचना पर ग्राम मौहाडीह में रेड कार्यवाही किया गया। आरोपियों सावित्री बिंझवार पति चिरंजन बिंझवार उम्र 25 वर्ष साकिन मौहाडीह थाना हरदीबाजार द्वारा अपने घर पीछे बाड़ी में शराब बिक्री करते पकड़ा गया है, जिसके कब्जा से अलग अलग 04 जरीकेन में भरा कुल 40 लीटर हाथ भट्ठी की बनी कच्ची महुआ शराब कीमती 4,000 रूपये को जप्त कर अपराध क्रमांक 239/2023 धारा 34 -2, आबकारी अधिनियम कायम कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

### मानिकपुर पुलिस द्वारा 103 लीटर महुआ शराब किया जप्त

कोरबा ।पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का एवं थाना प्रभारी कोतवाली श्री रूपक शर्मा के मार्गदर्शन एवं चौकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में दिनांक 16/10/2023 को 103 लीटर अवैध कच्चा महुआ शराब जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया ईव्हीएम मशीनों प्रथम रेंडीमाइजेशन






**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. द्वारा जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 85 बस्तर, 86 जगदलपुर और 87 चित्रकोट के लिए ईव्हीएम और वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडीमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल, तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सर्वे ने स्वीप समिति की बैठक लेकर मतदाता जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा

**जगदलपुर।** ज़िला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात मतदाता जागरूकता अभियान हेतु किए जाने वाले आयोजनों संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की। आगामी विधान सभा चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए और मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को स्वीप नोडल अधिकारी श्री सर्वे ने ज़िला पंचायत के सभागार में मतदाता जागरूकता की गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थाओं में वोट-संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, साथ ही विकास खंड स्तर पर जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाएगा। शहरी और ग्रामीण स्तर पर हल्बी, गोंडी और हिन्दी में मतदाता जागरूकता गीत के ज़रिए मतदाताओं को प्रेरित किया जाएगा। सभी भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक इलाक़ों में ई.व्ही.एम. का डेमोस्ट्रेशन किया जाएगा। विभिन्न स्थलों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक और प्रेरित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान सभी निर्वाचन अधिकारियों ने निष्पक्ष मतदान करवाने हेतु शपथ ली।

इस अवसर पर पद्म श्री धर्मपाल सैनी, आयुक्त, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी, पर्वतारोही सुश्री नैना सिंह धाकड़,डीईओ श्रीमती भारती प्रधान, स्वीप के सहायक नोडल श्री शरद चन्द्र गौड़, बादल प्रभारी श्रीमती पूर्णिमा सरोज और निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

# रायपुर में बाइक से रेस लगा रहे 4 युवक अरेस्ट- पुलिस के सामने युवाओं ने पकड़े कान

**रायपुर.** नवा रायपुर में रविवार को युवाओं ने फिर स्टंटबाजी की। तेज रफ्तार महंगी बाइकों पर युवक रेसिंग और खतरनाक स्टंट कर रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने कुछ घण्टों के भीतर ही अलग-अलग इलाकों से 4 युवकों को घेरकर पकड़ लिया। मंदिर हसौद और राखी थाने की जॉइंट टीम ने मिलकर ये कार्रवाई की।

सोशल मीडिया पर स्टंटबाजों के आए दिन वीडियो सामने आते रहते हैं। ज्यादातर ये स्टंट नवा रायपुर की सड़कों और ड्डुक्करोड पर रविवार के दिन होती हैं। इस वजह से पुलिस बीतें रविवार को इन इलाकों में लगे कैमरे पर निगरानी कर रही थी। जैसे ही ये बाइकर्स इकट्ठे होकर एक-दूसरे के सामने जानलेवा स्टंट के साथ-साथ रेसिंग लगा रहे थे। तभी पुलिस भी तत्काल वहां पहुंच गई।



### टीमों को मौके पर रवाना किया गया

*महंगी बाइकों में युवकों की रेसिंग शुरू होते ही इन इलाकों पर अलग-अलग रास्तों से पुलिस की टीमों को रवाना किया गया। जिसे देखकर ये स्टंटबाज युवक तेजी से भागने लगे। पुलिस टीम ने इन्हें अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया। इस मामले में पुलिस ने न्यू राजेंद्र नगर के रहने वाले मधु बघेल, सेक्टर 29 राखी निवासी बीरा रेड्डी, मंदिर हसौद निवासी सुधीर घृतलहरे और भनपुरी का रहने वाले मुकेश चन्द्राकर को गिरफ्तार किया। इनके ऊपर पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के अलावा कई अन्य IPC की धारा लगाई है।*

# बाइक सवार व्यक्ति से 15 किलोग्राम चांदी जब्त

कोरबा ।विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर जांच कर रही पुलिस ने हरदीबाजार क्षेत्र में बाइक सवार व्यक्ति से 15.087 किलोग्राम चांदी पकड़ा। हरदीबाजार पुलिस ने बताया कि हरदीबाजार.बलौदा रोड खनिज नाका बैरियर के पास मोबाइल चेक पोस्ट लगाकर सभी आने जाने वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान बलौदा की ओर से बाइक में आ रहे एक व्यक्ति को रोक कर पूछताछ की। उसने अपना नाम नाम सुरेश सोनी 47 वर्ष निवासी बलौदा जिला जांजगीर-चांपा का रहने वाला बताया। उसकी बाइक में जांच करने पर डिक्की में रखे चांदी के आभूषण करीबन 15.087 किलो ग्राम कीमत 10,50,000 रूपये मिला। बिल मांगने पर कोई सुरेश उपलब्ध नहीं करा सका। इस पर पुलिस ने वस्तु को संदिग्ध होने पर धारा 102 अंतर्गत कार्रवाई करते हुए जब्त किया। विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र अवैध कैश फ्लो व अवैध कार्य पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा लगातार जांच पड़ताल की जा रही है। इस दौरान वाहन जांच कर रही पुलिस ने एक युवक के पास से जेवरात जब्त किया। मानिकपुर पुलिस ने बताया कि वाहन जांच के दौरान पटेल पारा निवासी मनोज मैटी के पास गला हुआ सोना और सोने के आभूषण 34 ग्राम व चांदी के आभूषण 1.926 ग्राम कुल कीमत 3.06 लाख बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान उसने आभूषण के संबंध में न तो बिल दिखाया और नहीं कोई दस्तावेज प्रस्तुत किया।

# मंत्री अकबर की रैली में उमड़ी भीड़- हजारों लोगों का हुजूम लेकर दिखाई ताकत



**रायपुर.** मंत्री मोहम्मद अकबर प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार अपने विधानसभा क्षेत्र कवर्धा पहुंचे। अकबर ने अपने क्षेत्र में एक बड़ी रैली निकाली। इस रैली में हजारों लोगों का हुजूम नजर आया। रैली और सभा में उमड़ी भीड़ सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। सभा में मोहम्मद अकबर ने कहा कि यहां की जनता से मेरा परिवार की तरह नाता है। कांग्रेस ने इस क्षेत्र में विकास का काम लगातार किया। यह पूरा क्षेत्र कृषि प्रधान है। सिंचाई के विस्तार के लिए हर संभव कार्य कांग्रेस की सरकार ने किया है। यहां जितने भी बांध बने हैं, सभी बांध को कांग्रेस सरकार ने बनवाया है। कांग्रेस की सरकार ने यहां के लिए मेडिकल कॉलेज, सकरी नदी पर पुल, जंगल सफारी, एथेनॉल प्लांट जैसी सौगात दी है।

### कई जलाशय का हुआ निर्माण- अकबर

मोहम्मद अकबर ने कहा कि सरोदा, छीरपानी जलाशय कांग्रेस की सरकार में बने। छत्तीसगढ़ की पहली सरकार में मंत्री रहते हुए सुतियापाट जलाशय का निर्माण कराया था। इसी तरह का बांध आज बनाया जाएगा तो 600 करोड़ रूपए की लागत आएगी।

# फ्लाइंग स्क्रायड टीम बेहतर तरीके से करें कार्य-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

* सामग्री वाहनों की जांच के समय वैध दस्तावेज के रूप में टैक्स इनवाइस अथवा ई-वे बिल होना जरूरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने आज फ्लाइंग स्क्रायड टीम एवं स्थैतिक निगरानी टीम की बैठक ली। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी हैं। आगामी 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में मतदाताओं को लुभाने, प्रभावित करने वाले समग्रियों पर सख्ती से कार्यवाही करें। जिसके लिए सभी फ्लाइंग स्क्रायड टीम को बेहतर तरीके से कार्य करना होगा। आज जीएसटी अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। सभी बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं कही भी शंका होने पर उसका समाधान प्राप्त करें। जीएसटी अधिकारी पैंकरा ने बताया कि निर्वाचन में प्रलोभन के लिए दी जाने वाली मुफ्त की वस्तुएं जैसे कपड़े, जूते, किचन समान आदि के परिवहन वाहनों की जांच के समय वैध दस्तावेज के रूप में टैक्स इनवाइस अथवा ई.वे बिल होना आवश्यक हैं। उन्होंने दोनों बिलों के जांच के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कार्यवाही के दौरान होने वाले शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान भी प्राप्त किया। इस दौरान एफएसटी को सी.विजिल के उपयोग करने संबंधी आवश्यक दिशा.निर्देश के साथ ही किए गए कार्यवाही को



### जीएसटी अधिकारी ने कार्यवाही के संबंध में फ्लाइंग स्क्रायड टीम को दिया प्रशिक्षण

इएसएमएस इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टमद्ध में अपडेट करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर गोयल ने कहा कि जांच के फलस्वरूप वस्तुओं के जप्त होने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति वैध दस्तावेज के साथ कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 21 में उपस्थित होकर अपनी जप्त सामग्रियों को प्राप्त कर सकते हैं। आयोजित प्रशिक्षण में कलेक्टर गोयल ने एफ एसटी, एसएसटी को निर्देशित किया कि हमारा कार्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निष्पक्ष निर्वाचन हेतु जांच करना है। इसका उद्देश्य आमजन, व्यापारिक गतिविधियों को प्रभावित नहीं करना है। सभी टीम जनसामान्य को अनावश्यक परेशान किए बिना जांच की कार्यवाही करें। कलेक्टर गोयल ने आदर्श आचार संहिता के दौरान शराब तस्करी, कैश, ड्रग्स एवं बड़ी मात्रा में सामग्रियों के परिवहन पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के वाहनों की जांच के दौरान वीडियो बनाना सुनिश्चित करें। संदिग्ध व्यक्ति अथवा बड़ी रकम मिलने पर सोर्स की जानकारी ले एवं संदेह होने पर कार्यवाही करें।



विभागीय कैश वाहनों के साथ बैंकों के क्यूआर लगे कैश वाहनों के मूवमेंट को प्रभावित किया बिना जांच सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, सीएसपी अभिनव उपाध्याय, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, जीएसटी अधिकारी पैंकरा एवं रागिनी सिंह सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संदेहास्पद लेनदेन पर रखें कड़ी नजर, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बैंक प्रबंधकों की बैठक लेकर दिए निर्देश

### अंतर्राज्यीय सीमा पर अवैध परिवहन एवं असामाजिक तत्वों पर हो निगरानी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन-2023 आचार संहिता लागू होने के बाद आज कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने इनफोर्समेंट एक्शन के संबंध में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट उपस्थित रहें। कलेक्टर गोयल ने कहा कि स्वतंत्र निष्पक्ष निर्वाचन कराना प्रशासन का उद्देश्य हैं, इसलिए सभी विभागीय अधिकारी शराब की तस्करी, अंतर्राज्जीय सीमा पर असामाजिक तत्वों की घुसपैठ, नगद राशियों की आवाजाही, बिना विधिमान्य, वाउचर एवं बिना जीएसटी भुगतान के सामग्रियों का परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करें। इस दौरान उन्होंने सभी बैंक प्रतिनिधियों से अकाउंट में होने वाले बड़े ट्रांजेक्शन एवं संदेहास्पद लेनेदेन की रिपोर्ट लीड बैंक मैनेजर को देने के निर्देश दिएए ताकि उसकी जांच की जा सके। उन्होंने ट्रांजेक्शन पर इनकम टैक्स को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बैंकों को निर्देशित किया कि प्रत्याशी घोषित होने के पश्चात खाता खुलवाने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बैंक के कैश वाहनों के बिना रूकावट परिवहन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित क्यूआर जनरेट कर लगवाने के निर्देश दिए। जिसमें सोर्स एवं डेस्टिनेशन जैसे जानकारी उपलब्ध हो। उन्होंने सभी बैकों को इस पर तत्काल कार्य करने हेतु निर्देशित किया।



### कलेक्टर गोयल ने आदर्श आचार संहिता में कानून व्यवस्था को लेकर विभागों की ली बैठक

कलेक्टर गोयल ने अवैध शराब, ड्रग्स, कैश पर संबंधित विभागों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग को अवैध शराब भण्डारण, परिवहन पर सख्ती से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने जीएसटी को जिले में स्थित गोदाम, वेयर हाउस के सत्यापन एवं सामग्रियों के संदिग्ध भंडारण पर कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने जीआरपी एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम बनाकर चेकिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन के सभी सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्डिंग सुनिश्चित करने एवं प्रतिदिन रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय अधिकारियों को ईएसएमएस ऐप की कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई। ताकि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किए गए कार्यवाही को अपडेट कर सके। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ज्योति सिंह, एसडीएम गगन शर्मा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### बेहतर ट्रेनिंग से होगा निर्वाचन कार्य आसान

*कलेक्टर गोयल ने मास्टर ट्रेनर्स की बैठक ली। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर को निर्देशित किया कि बेहतर ट्रेनिंग के फलस्वरूप निर्वाचन का कार्य आसान होता है। लिहाजा सभी मास्टर ट्रेनर पोलिंग टीम की ट्रेनिंग अच्छे से करवाये। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग में सभी की उपस्थिति महत्वपूर्ण है। अतः अनुपस्थित कर्मचारियों की रिपोर्ट भेजी जाए। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि ट्रेनिंग के दौरान पोलिंग टीम की सारी शंकाओं का समाधान किया जाए, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो।*

# महिला मतदाताओं ने दीप जलाकर शत प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

### स्वीप दीपोत्सव कार्यक्रम में निष्पक्ष मतदान कराने का लिया संकल्प






जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

लोकतंत्र को मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार को संध्या में सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में अधिकारियों कर्मचारियों संग 1000 महिला मतदाताओं द्वारा दीपोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, डीएफ ओ गणेश यू आर, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा एवं डॉ. स्निग्धा तिवारी, सीईओ संजू पटेल समेत विधानसभा 17 और 43 के रिटर्निंग आफि सर शामिल हुए। स्वीप दीपोत्सव के इस कार्यक्रम में सारंगढ़ बिलाईगढ़, सब्बो जाबो वोट देहे बर का नारा लगाते हुए शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं महिला मतदाताओं ने निष्पक्ष मतदान करने का संकल्प भी लिया। ज्ञातव्य है कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ फ रिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन तथा स्वीप के नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान के नेतृत्व में स्वीप अंतर्गत जिले में अनेक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी, महिला समूह, अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे हैं।

### बेस्ट सेल्फी, रील्स और फोटो को मिलेगा प्राइज

# रायपुर जिला प्रशासन ने वोटर्स को जागरूक करने आयोजित की प्रतियोगिता

रायपुर. छत्तीसगढ़ में दो चरण यानी 7 और 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। इस चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य लेकर निर्वाचन आयोग मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कैंपेन चला रहा है।




रायपुर जिला प्रशासन ने वोटर्स को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता महा अभियान थीम पर फोटोग्राफी, सेल्फी और रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया है। यह कॉम्पिटिशन 17 अक्टूबर यानी आज से शुरू हो रहा है, जो 23 अक्टूबर तक चलेगा। प्रतियोगिता में जीतने वाले प्रतिभागी को पुरस्कार भी दिया जाएगा।

जिला प्रशासन की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता के 3 अलग-अलग सेगमेंट हैं। हालांकि सभी की थीम मतदाता जागरूकता अभियान है। भाग लेने वाले व्यक्ति को थीम से संबंधित फोटो, रील्स और वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक, इंस्टाग्राम या एक्स पर पोस्ट करना है। साथ ही इसे @Raipur District पर टैग करना होगा। जिला प्रशासन की ओर से बेस्ट कंटेंट को सम्मानित कर उन्हें प्राइज भी दिया जाएगा।

### ऐसे भी अपलोड कर सकते हैं कंटेंट

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लोग क्यूआर कोड को स्कैन कर अपनी फोटो, वीडियो और सेल्फी अपलोड कर सकते हैं। इसमें कंटेंट क्रिएटर का नाम, ब्लॉक का नाम, कंटेंट टाइटल और मोबाइल नंबर सबमिट करना होगा, साथ ही बनाए गए कंटेंट को अपलोड करना होगा।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार स्वीप कैंपेन चलाया जा रहा है। इसमें स्कूल, कॉलेज और गांव के लोग बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। कहीं मानव श्रृंखला बनाई जा रही है, तो कहीं रैली निकालकर वोटरों को जागरूक किया जा रहा है। थर्ड जेंडर भी वोटरों को जागरूक करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सारंगढ़-बिलाईगढ़ में अभियान के दौरान लोगों ने रंगोली तैयार की। जशपुर में शासकीय विजय भूषण सिंह देव कॉलेज की स्टूडेंट ने मतदाता जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला से भारत का नक्शा बनाकर लोगों से मतदान करने की अपील की है।

# उत्तम मेमोरियल कालेज में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




अरविन्द कुमार सिन्हा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायगढ़ के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जितेन्द्र कुमार ठाकुरए द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश रायगढ़ के द्वारा छात्र-छात्रों को मोटरयान अधिनियम से संबंधित जानकारी दी गई। जगदीश राम,तृतीय अपर जिला न्यायाधीश रायगढ़ के द्वारा भी छात्र-छात्रों को टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 के संबंध में यह जानकारी दी गई कि छग राज्य के अंतर्गत पुराने समय से ही जादू-टोना जैसी कुरीतियां एवं अंधविश्वास व्याप्त है। केवल इतना नही बल्कि महिलाओं को टोनही के नाम से कलंकित एवं प्रताड़ित भी किया जा रहा है और समाज में ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण मान्यता के कारण ही अत्याचार, कलह एवं हिंसा का वातावरण बना रहता है। छग टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005 के नाम से इस अधिनियम का निर्माण किया जिससे समाज में स्वस्थ मानसिकता कायम हो सके और टोनही के नाम से उपेक्षित एवं प्रताड़ित व्यक्तियों को विधिक सुरक्षा प्रदान की जा सके तथा शिक्षा संबंधित अधिकार के बारे में जानकारी दिया गया। गुलापन राम यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट रायगढ़ के द्वारा साईबर से होने वाले अपराध के संबंध में जानकारी दिया गया तथा बच्चों को गुड-टच बेड-टच से भी अवगत कराया गया।

सुश्री प्रांजलि नेताम न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा बच्चों को पाक्सों एक्ट के संबंध में जागरूक करते हुए बताया गया कि पाक्सों एक्ट का मतलब प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रन फ्राम सेक्सुअल आफेंस एक्ट है इसे 2012 में लागू किया गया था ये बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन शोषण को अपराध साबित करता है, यह कानून 18 साल के कम उम्र के लड़के और लड़कियों पर समान रूप से लागू किया जाता है। सौरभ बारा न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा बच्चों को साईबर से होने वाले अपराध के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी कंप्यूटर का अपराधिक स्थान पर मिलना या कंप्यूटर से कोई अपराध करना कंप्यूटर अपराध कहलाता है, कंप्यूटर अपराध में नेटवर्क शामिल नहीं होता है, किसी कि निजी जानकारी को प्राप्त करना और उसका गलत इस्तेमाल करना किसी की भी निजी जानकारी कंप्यूटर से निकाल लेना या चोरी कर लेना भी साईबर अपराध है। उक्त विधिक जागरूकता शिविर में प्राचार्य उत्तम मेमोरियल कालेज तथा कर्मचारीगण, विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ से पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम में 200 संख्या में छात्र-छात्रों ने विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से लाभान्वित हुए।




# ईएसएमएस एप्प पर एफएसटी और एसएसटी दल को मिला प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




जिला पंचायत सभा कक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण की नोडल अधिकारी, अपर कलेक्टर नयनतारा सिंह तोमर की अध्यक्षता में स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी, फ्लाईंग स्कायड एफ एसटी, टीम के प्रभारी अधिकारियों को ईएसएमएस एप्प पर प्रक्रिया के अनुरूप कार्य करने हेतु ईडीएम मोहितेश्वर साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के नोडल अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह द्वारा एफएसटीए एसएसटी टीम के सदस्यों को कर्तव्यों का निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के मार्गदर्शिका के संदर्भ में नियमों से अवगत कराया गया तथा प्रशिक्षण के दौरान टीम के अधिकारियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

# बाल्को सीईओ ने किया सार्वजनिक रामलीला व दशहरा उत्सव का शुभारंभ

**कोरबा ।** भारत अल्युमिनियम मजदूर संघ इंटक, बाल्को द्वारा 35 वर्षों से प्रबंधन के सहयोग से बाल्को नगर के रामलीला मैदान में सार्वजनिक रामलीला व दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी सार्वजनिक रामलीला एवं दशहरा उत्सव का शुभारंभ रामलीला मैदान पर बाल्को के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक राजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में सीईओ कुमार ने इस आयोजन के लिए इंटक की सराहना की। इस दौरान बालको के मानव संसाधन अधिकारी मोनेश पांडेय व बाल्को आइआर प्रमुख विजय साहू भी उपस्थित रहे। बाल्को इंटक महासचिव ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन रमेश जांगिड़ व धन्यवाद ज्ञापन विमलेश साव द्वारा किया गया। इस आयोजन से बाल्को नगर व आस पास के आमजनों को श्रीराम के पावन जीवन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं और आदर्शों को जानने का मौका मिलता है। नवरात्र के प्रथम दिन से प्रारंभ होकर दशहरा के दिन आतिशबाजी व रावण दहन के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

# रोटरी क्लब के बैनर तले डांडिया नाईट का भव्य आयोजन 21 को

### * प्रसिद्ध टीबी कलाकार जेठालाल होंगे शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था रोटरी क्लब रायगढ़ ग्रेटर द्वारा भव्य डांडिया का आयोजन 21 अक्टूबर को रेड क्वीन के मैरिज गार्डन में संपन्न होने जा रहा है। जिसके संदर्भ मे मंगलवार को दोपहर 12 बजे स्थानीय होटल पुष्पक के परख रेस्टोरेंट में पत्रकारों से रुबरू होते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष विकास अग्रवाल विक्की ने डांडिया नाईट के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि देश और विदेश में प्रसिद्धि पाने वाले टीवी सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा के प्रसिद्ध कलाकार जेठालाल दिलीप जोशी जो कि कार्यक्रम में नगर वासियों को डांडिया के माध्यम से मनोरंजन करेंगे साथ ही मुंबई की प्रसिद्ध चिंकी मिंकी बहने सुप्रसिद्ध सिंगर दीपिका साव सहित छैला की बैंड गरबा के लिए सुप्रसिद्ध शहर में धूम मचाएंगे। सभी नगर वासियों को 21 अक्टूबर रविवार को शाम 6 बजे से 10 बजे तक चलने वाले इस डांडिया में उपस्थित होने का आग्रह रोटेरियन साथियों ने किया है। रोटरी क्लब के ग्रेटर के संस्थापक पुरुषोत्तम अग्रवाल ने बताया कि इस गरबा चैरिटेबल कार्यक्रम के पीछे संस्था का उद्देश्य आगामी चिकित्सा कैंप के माध्यम से कटे फटे होठो,ताडू व विकृत चेहरे वाले मरीजों के इलाज हेतु निःशुल्क सहायता प्रदान करेंगे।

प्रेस वार्ता में संस्था के अध्यक्ष रोटे विकास अग्रवाल,संस्थापक सदस्य पुरूषोत्तम अग्रवाल,पूर्व अध्यक्ष रोटे.प्रमोद अग्रवाल,रोटे उमेश थवाईत,सुबोध खीरवाल,दीपक अग्रवाल,अजय बेरीवाल उपस्थित थे। भव्य कार्यक्रम के लिए संस्था द्वारा वाहनों की पार्किंग के लिए पृथक पृथक व्यवस्था कर रेड क्वीन के लॉन को दुल्हन की भांति सजाया गया है। सभी पासेस के साथ फूडिंग की व्यवस्था फ्री रहेगी साथ ही आकर्षक प्रतियोगिताएं,लक्की ड्रा.18अक्टूबर से होटल पुष्पक में डांडिया का निःशुल्क गरबा क्लास हेतु 9425277701 पायल अग्रवाल से उनके मोबाइल नम्बर पर संपर्क कर सकते है। कार्यक्रम में विशेष सहयोग दीपक डोरा,दिलीप अग्रवाल मोनू,जयंत श्रीवास्तव,तरुण अग्रवाल, कल्पेश नयन अग्रवाल के द्वारा किया जा रहा है।

## रवि तेजा की फिल्म टाइगर नागेश्वर राव का गाना इच्छेसकुलताले रिलीज




मास महाराजा रवि तेजा की आगामी फिल्म, टाइगर नागेश्वर राव, उनके समर्पित प्रशंसक आधार और आम दर्शकों से समान रूप से बड़े पैमाने पर प्रत्याशा पैदा कर रही है। युवा और प्रतिभाशाली फिल्म निर्माता वामसी द्वारा निर्देशित, यह परियोजना अभिषेक अग्रवाल के बैनर तले निर्मित है और इसमें जीवी प्रकाश कुमार द्वारा संगीतबद्ध किया गया है।

फिल्म का प्रचार अभियान पहले से ही धूम मचा रहा है, दो गाने रिलीज हो चुके हैं और प्रशंसकों और फिल्म प्रेमियों द्वारा खूब पसंद किए जा रहे हैं। उत्साह को बढ़ाते हुए, निर्माताओं ने हाल ही में इच्चेसकुलताले नामक एक मधुर ट्रैक का अनावरण किया। भास्करभट्ट द्वारा लिखा गया ।



# प्रीमियर से पहले मनस्वी ममगई ने छोड़ा बिग बॉस 17 शो

सलमान खान के शो बिग बॉस का नया सीजन 15 अक्टूबर से शुरू हो गया। प्रशंसक शो के नए प्रतिभागियों को लेकर खासा उत्सुक हैं। इसी बीच दर्शकों के लिए एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है।बिग बॉस 17 के लिए घर में एंट्री लेने से ऐन पहले मनस्वी ममगई शो में हिस्सा लेने से पीछे हट गई हैं। खबरों के मुताबिक अब मनस्वी की जगह आर्यन खान ड्रग मामले में शामिल वकील सना रईस खान हिस्सा लेंगी।

रिपोर्ट्स के अनुसार मॉडल-अभिनेत्री मनस्वी शो में हिस्सा नहीं ले रही हैं, जबकि वह शो के लिए अपने प्रोमो की भी शूटिंग कर चुकी थीं।गुरुवार को प्रतिभागियों ने शो के लिए अपने प्रोमो की शूटिंग की थी। रविवार से शो का प्रसारण होना है। हालांकि, इसके ठीक पहले मनस्वी ममगई शो से बाहर हो गई हैं।उनके इस तरह अचानक शो छोड़ने का कारण सामने नहीं आया है।

मनस्वी के बाहर होने पर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस बारे में ना तो शो की ओर से, ना ही मनस्वी की ओर से कोई बयान जारी किया गया है।चर्चा है कि ऐन मौके पर मनस्वी और निर्माताओं के बीच करार को लेकर अनबन हो गई और वह शो से बाहर हो गईं। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि मनस्वी ने स्वास्थ्य कारणों से शो छोड़ा है।

# 42 की उम्र में श्वेता तिवारी हुईं बेकाबू, कराया इतना हॉट फोटोशूट

*टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी को देखकर ऐसा लगता है कि वक्त के साथ और ज्यादा यंग होती जा रही हैं. पिछले कुछ समय से तो श्वेता की हर अदा ने देशभर के लोगों को दीवाना बना रखा है. उनकी फिटनेस से लेकर, एक्टिंग, स्टाइल और अदाएं हर चीज पर लोग मर मिटते हैं. वहीं, एक्ट्रेस भी लगातार फैंस के साथ अपने एक से एक हॉट लुक्स शेयर कर दिलों की धड़कनें बढ़ा देती हैं. अब फिर से उन्होंने बेहद हॉट अवतार दिखाया है.*

श्वेता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हो गई है. अब उन्होंने अपने नए लुक की झलक दिखाई है. लेटेस्ट फोटोज में एक्ट्रेस रेड ट्यूब ब्लाउज और प्रिंटेड थाई हाई स्लिट स्कर्ट पहने हुए नजर आ रही हैं. अपने इस लुक को श्वेता ने सटल बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने अपने बालों को ओपन रखा हुआ है.श्वेता इस आउटफिट के साथ एक्सेसरीज के तौर पर गले में व्हाइट पर्ल वाला नेकपीस, दोनों हाथों में कंगन और कमरबंध के साथ कैरी किया है. इस लुक में श्वेता बेहद हॉट दिख रही हैं. उन्होंने अपनी अदाएं दिखाते हुए कैमरे के सामने किलर पोज दिए हैं. वहीं, फैंस की नजरें तो उन पर से हट ही नहीं पा रही हैं. दूसरी ओर एक्ट्रेस का कर्वी फिगर लोगों के होश उड़ा रहा है.

### 42 की उम्र में भी बेहद हॉट है श्वेता तिवारी

श्वेता तिवारी का ऐसा अंदाज देख कोई अंदाजा भी नहीं लगा सकता कि एक्ट्रेस 42 साल की हो चुकी हैं और 2 बच्चों की मां हैं. उनकी बेटी पलक तिवारी ने तो बॉलीवुड में अपना सफर भी शुरू कर दिया है. दूसरी ओर श्वेता भी लगातार कई प्रोजेक्ट्स के साइन कर रही हैं।



## 100 करोड़ रुपये कमाने की ओर बढ़ रही फुकरे 3, बाकी फिल्मों का हाल-बेहाल

बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कई फिल्मों के बीच टक्कर देखने को मिल रही है, जिसमें फुकरे 3 अपनी बढ़त बनाए हुए है।एक ओर फुकरे 3 की कमाई 100 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है तो बाकी फिल्में अपना कमाल दिखाने में नाकाम साबित हो रही हैं।अब 13 अक्टूबर को राष्ट्रीय सिनेमा दिवस पर शानदार कमाई करने के बाद फिल्मों के कारोबार में गिरावट देखने को मिली है।आइए जानते हैं किस फिल्म ने कितनी कमाई की।




फुकरे 3 ने 28 सितंबर को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया था और यह तभी से बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है।हालांकि, अब फिल्म के कारोबार में कमी देखने को मिली है, लेकिन उम्मीद है कि यह जल्द 100 करोड़ क्लब में शामिल होगी।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने 17वें दिन 1.90 करोड़ रुपये कमाए हैं और अब इसका कारोबार 87.79 करोड़ रुपये हो गया है।इसमें वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट, ऋचा चड्ढा और पंकज त्रिपाठी शामिल हैं।

भूमि पेडनेकर की फिल्म थैंक्यू फॉर कमिंग 6 अक्टूबर को रिलीज हुई थी, जिसमें वह एकदम अलग अवतार में नजर आई हैं।हालांकि, करण बूलानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शकों ने सिरे से नकार दिया है और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने अपनी रिलीज के 9वें दिन 43 लाख रुपये कमाए हैं और अब इसका कुल कारोबार 6.13 करोड़ रुपये हो गया है।

## बदलते रिश्तों की कहानी है नानी की हाय नन्ना फिल्म, टीजर हुआ जारी

तेलुगु सिनेमा स्टार नानी की अपकमिंग फैमिली-ड्रामा फिल्म हाय नन्ना ने अपना ऑफिशियल टीजर जारी कर दिया है। टीजर रिश्तों की बदलती गतिशीलता को दर्शाता है और यह परिवार और प्यार की कहानी है।



फिल्म के ज्यादातर डिटेल्स अभी भी सीक्रेट्स रखे गए हैं इसलिए बहुत कुछ स्पष्ट नहीं है। टीजर में नानी और एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर के किरदार के बीच सच्चा प्यार होता दिखाई दे रहा है। हाय नन्ना बदलते रिश्तों के साथ-साथ भावनाएं कैसे विकसित होती हैं, इसकी एक कहानी प्यार, परिवार और सामने आ रही परेशानियों से निपटने की कहानी है। यह पूरा सिनेरियो पीरियड-ड्रामा स्टाइल के सौंदर्यशास्त्र और सोबल म्यूजिक के साथ है। टीजर को काफी सराहना मिल रही है। मूल रूप से एक पिता होने के साथ-साथ फिर से किसी के प्यार में पड़ने की भावनाओं से कैसे निपटना है और इसके परिणाम क्या हो सकते हैं, फिल्म की कहानी इस पर आधारित है।

## सलमान ने शुरू की आर्मी अफसर बनने की तैयारी, अपने लुक में करेंगे खास बदलाव

सलमान खान मौजूदा समय में अपनी फिल्म टाइगर 3 को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। फिल्म से अभिनेता का पोस्टर जारी हो चुका है और अब इसका ट्रेलर भी रिलीज होने वाला है।इसी बीच अब अभिनेता की नई फिल्म से जुड़ी जानकारी सामने आई है, जिसमें वह देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आएंगे। फिल्म में सलमान एक आर्मी अफसर की भूमिका निभाने वाले हैं, जिसके लिए वह अपने लुक पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं।



रिपोर्ट के अनुसार, सलमान ने लंबे अरसे बाद ऐसी फिल्म चुनी है, जिसमें उन्हें अपने लुक को बदलना है। ऐसे में अभिनेता कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं और अपने खाने-पीने का खास ध्यान रख रहे हैं।सूत्र के अनुसार, देशभक्ति से लबरेज इस फिल्म में सलमान का बदलाव वैसा ही होगा, जैसा 2016 में आई उनकी फिल्म सुल्तान में था।अभिनेता अपनी पिछली फिल्मों को मिली प्रतिक्रिया ध्यान में रखकर कुछ नया करने की कोशिश में लगे हैं।

सलमान की इस फिल्म के अलावा बॉलीवुड की कई सारी देशभक्ति से लबरेज फिल्में कतार में हैं। इनमें सबसे पहले कंगना रनौत की फिल्म तेजस 20 अक्टूबर को रिलीज होगी। इसके बाद सैम बहादुर, पिप्पा, ऐ वतन मेरे वतन सहित कई फिल्में आने वाली हैं।सूत्र के मुताबिक, सलमान की इस फिल्म की कहानी 1988 में मालदीव के तख्तापलट के प्रयास पर आधारित होगी।सूत्र ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने व्यवसायी अब्दुल्ला लुथुफी के नेतृत्व में मालदीव के एक समूह द्वारा सरकार को हटाने के प्रयास को विफल कर दिया था।

## खेल



# वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया की पहली जीत

*श्रीलंका को 5 विकेट से हराया; मार्श-इंग्लिस के अर्धशतक; जम्पा ने चटकाए 4 विकेट*

**लखनऊ।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप 2023 में पहली जीत हासिल कर ली है। टीम ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में मार्कस स्टोयनिस ने छक्के के साथ टीम को जीत दिलाई। सोमवार को श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की, लेकिन टीम 43.3 ओवर में 209 रन पर ही ऑलआउट हो गई।

210 रन का टारगेट ऑस्ट्रेलिया ने 35.2 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ओपनर मिचेल मार्श और विकेटकीपर जोश इंग्लिस ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं, जबकि एडम जम्पा ने 4 विकेट चटकाए।

शाम 4ः42 बजे श्रीलंकाई पारी में 32.1 ओवर्स डले थे कि बारिश आ गई और खेल रोकना पड़ा। करीब आधे घंटे के इंतजार के बाद शाम 5ः10 पर खेल दोबारा शुरू हुआ। फिर पहली पारी खत्म होने के बाद भी बारिश के कारण ही खेल रोका गया। बारिश जल्द ही बंद हो गई शाम 6ः30 बजे शुरू होने वाली दूसरी पारी शाम 7ः15 बजे शुरू हुई। बारिश के कारण ओवर्स में कटौती भी नहीं हुई।

बारिश के कारण खेल 2 बार रोका गया, लेकिन ओवर्स में कटौती नहीं हुई और मैच पूरा हुआ। श्रीलंकाई गेंदबाज स्पिनर्स के लिए मददगार पिच का फायदा नहीं उठा सके, हालांकि बारिश और ओस ने भी ऑस्ट्रेलिया की मदद की। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा ने सराहनीय गेंदबाजी की और श्रीलंकाई बल्लेबाजों को बांधे रखा। ऐसे में श्रीलंकाई टीम निसांका और परेरा की फिफ्टी के सहारे 209 रन का स्कोर ही खड़ा कर सकी। जो काफी नहीं था। आसान लक्ष्य के जवाब में कंगारुओं ने 36वें ओवर में जीत हासिल कर ली। ओपनर मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। टॉप मिडिल ऑर्डर में दो अर्धशतकीय साझेदारियों ने मैच एकतरफा कर दिया, हालांकि मदुशंका ने वॉर्नर, स्मिथ और लाबुशेन को आउट करके ऑस्ट्रेलियंस पर दबाव डाला, लेकिन उन्हें साथी गेंदबाजों का साथ नहीं मिला।


जम्पा की जबर्दस्त गेंदबाजी
ओवर 8 | रन 47 | विकेट 4 | इकोनॉमी 5.90


मिचेल मार्श की 18वीं फिफ्टी
रन 52 | गेंद 51 | स्ट्राइक रेट 101.96

## इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद राशिद खान ने कहा-यह जीत शायद भूकंप पीड़ितों के चेहरों पर थोड़ी मुस्कान ला सके

अफगानिस्तान ने रविवार (15 अक्टूबर) को वनडे वर्ल्ड कप 2023 का सबसे बड़ा उलटफेर किया। टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए उसे 69 रन से हरा दिया। जीत के बाद अफगान टीम के स्टार ऑलराउंडर राशिद खान ने कहा, ये जीत शायद भूकंप पीड़ितों के चेहरों पर थोड़ा मुस्कान ला सके। उन्होंने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ जीत हमारे लिए बड़ी जीत है। घर (अफगानिस्तान) में लोगों को इस पर गर्व होगा। हाल ही में हमारे घर अफगानिस्तान में भूकंप आया था, जिसमें 3000 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। इस जीत से उनके चेहरे पर थोड़ी सी मुस्कान आएगी और वे उन कठिन दिनों को थोड़ा भूल पाएंगे। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी, अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 49.5 ओवर में 284 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 40.3 ओवर में 215 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अफगानिस्तान के स्पिनर्स गेमचेंजर रहे। मुजीब उर रहमान, मोहम्मद नबी और राशिद खान ने मिलकर 8 विकेट लिए। मुजीब और राशिद को 3-3 विकेट मिले, जबकि मोहम्मद नबी ने 2 विकेट झटके।


राशिद खान की शानदार गेंदबाजी
9.3 ओवर | 3 विकेट | 37 रन | इकोनॉमी - 3.89

### 5वीं बार उलटफेर का शिकार हुआ इंग्लैंड

इंग्लैंड की टीम वनडे वर्ल्ड कप इतिहास में 5वीं बार उलटफेर का शिकार हुई। इससे पहले 1992 में टीम को जिम्बाब्वे ने 9 रन से हराया।

128 साल बाद ओलिंपिक में क्रिकेट खेला जाएगा

## 2028 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में 5 नए खेलों को मंजूरी मिली

इस साल एशियन गेम्स में तीसरी बार क्रिकेट खेला गया। इसमें भारतीय मेंस और विमेंस टीमें पहली बार खेलीं और दोनों टीमों ने गोल्ड जीता।

लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 में क्रिकेट भी खेला जाएगा। इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी अध्यक्ष थॉमस बाक की अगुआई में सोमवार को मुंबई में हुई बैठक में इस पर अंतिम फैसला किया गया। क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलिंपिक में खेला गया था। यानी 128 साल बाद क्रिकेट की ओलिंपिक में वापसी होगी।

IOC कार्यकारी बोर्ड के अधिकारियों की बैठक में क्रिकेट समेत पांच खेलों को शामिल करने के फैसले पर मुहर लगाई गई। इनमें क्रिकेट के अलावा बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वॉश और लेक्रोस शामिल हैं। इसी महीने 13 अक्टूबर को इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी ने लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 में क्रिकेट को शामिल करने के प्रस्ताव को स्वीकार किया था।



### ओलिंपिक का परमानेंट मेंबर बनना चाहता है ICC

*इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने कहा, 2028 ओलिंपिक में क्रिकेट के शामिल हो जाने के बाद अब हम ICC को ओलिंपिक कमेटी का परमानेंट मेंबर बनाने की कोशिश करेंगे।*

## एक नजर

आंकड़ों में वर्ल्ड कप 2023

### पॉइंट्स टेबल में 8वें पर पहुंचा ऑस्ट्रेलिया, कुसल मेंडिस टूर्नामेंट के सिक्सर किंग; बुमराह टॉप बॉलर


सिक्सर किंग
कुसल मेंडिस, श्रीलंका

वनडे वर्ल्ड कप 2023 के 14 मैच खेले जा चुके हैं। सोमवार को 5 बार की वनडे वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने पहली जीत दर्ज की। टीम ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलिया को भारत और साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 मुकाबलों में हार मिली थी। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया टीम पॉइंट्स टेबल में 2 अंक लेकर आठवें नंबर पर पहुंच गई। श्रीलंका 10वें नंबर पर है। अब तक हुए टूर्नामेंट में पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान टॉप रन स्कोरर हैं। वह इस वर्ल्ड कप के 3 मैचों में सबसे ज्यादा 248 रन बना चुके हैं। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टॉप विकेट टेकर हैं, उनके नाम 3 मैचों में 8 विकेट हैं। वहीं श्रीलंका के कुसल मेंडिस सिक्सर किंग, उन्होंने 3 मैचों में 14 छक्के लगाए हैं।

### वॉर्नर ने पकड़े 2 डाइविंग कैच

ग्राउंड स्टाफ की मदद भी की, परेरा के हेलमेट पर लगी बॉल; ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका मैच के मोमेंट्स

**लखनऊ ।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने पहली जीत दर्ज कर ली है। सोमवार को 5 बार की चैंपियन कंगारू टीम ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में बारिश के कारण मैच 2 बार रोका गया, तेज हवाओं के कारण होर्डिंग दर्शकों के पास गिरे। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ने 2 डाइविंग कैच पकड़े, उन्होंने बारिश आने पर कवर्स को पिच तक लाने में ग्राउंड स्टाफ की मदद भी की। वहीं श्रीलंका के ओपनर कुसल परेरा को हेलमेट पर बाउंसर लगी।



### 1. स्टार्क ने दी कुसल परेरा को वॉर्निंग

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने नॉन-स्ट्राइकर एंड के बैटर कुसल परेरा को 2 बार वॉर्निंग दी। परेरा बॉल फेंकने से पहले ही अपनी क्रीज से बाहर निकल रहे थे। स्टार्क को ये पसंद नहीं आया और उन्होंने 2 बार गेंद फेंकने से पहले परेरा को वॉर्निंग दी कि परेरा ऐसा नहीं करे वर्ना वह उन्हें मांकडिंग कर देंगे।

# मतदान अधिकारी को दिया जा रहा प्रशिक्षण

## ईव्हीएम व व्हीव्हीपैट मशीन का मतदान कार्मिकों ने प्रशिक्षण किया प्राप्त

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





### सीईओ विश्वदीप एवं अपर कलेक्टर साहू ने प्रशिक्षण का लिया जायजा

जिले में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के दिशा.निर्देशन में शासकीय ईव्ही स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पीठासीन अधिकारियों को प्रथम सैद्धांतिक प्रशिक्षण के साथ ही ईव्हीएम तथा वीवीपैट मशीन का हैंड्सऑन प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें मतदान प्रक्रिया, ईव्हीएम सिलिंग, मॉक पोल, विभिन्न सूचना प्रपत्र आदि की भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में मतदान अधिकारियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप ने जायजा लिया। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया और प्रपत्र के बारे में गंभीरता से समझकर निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देश अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय परिसर में मतदान अधिकारियों को दिए जा रहे ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपैट मशीन की हैंड्सआन ट्रेनिंग का भी निरीक्षण किया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए सीईओ विश्वदीप ने कहा कि मतदान अधिकारी बूथ स्तर पर निर्वाचन आयोग का चेहरा होता है। इसलिए सभी का दायित्व है कि अपने कर्तव्य का निर्वहन गंभीरतापूर्वक पूर्ण निष्ठा से करें, जिससे निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया संपादित की जा सके। इसी तरह अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने शासकीय ईव्ही स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव में सकुशल मतदान संपन्न कराने में मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संपूर्ण मतदान प्रक्रिया एवं मतदान के बाद मतपत्र लेखा तैयार करके मशीन सहित स्ट्रांग रूम में जमा करने की जिम्मेदारी मतदान अधिकारी की होती है। इस हेतु आप सभी प्रशिक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें एवं टीम भावना के साथ कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता पूर्वक निर्वहन करें। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्रथम चरण के प्रशिक्षण में शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज कोरबा में 681 में से 669 प्रशिक्षणार्थी और कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में 651 में से 640 पीठासीन अधिकारी उपस्थित हुए। शासकीय पीजी कॉलेज कोरबा में मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा सीमा पात्रे एवं रुचि शार्दुल अनुविभागीय अधिकारी ने भी प्रशिक्षण स्थल का जायजा लिया।

#### सीईओ ने संगवारी मतदान केंद्र के अधिकारियों के प्रशिक्षण का किया अवलोकन

सीईओ विश्वदीप ने विद्यालय में महिला मतदाताओं की विशेष सहायता तथा सहूलियत के लिए बनाए जा रहे संगवारी मतदान केंद्र में ड्यूटी हेतु महिला मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का भी निरीक्षण किया। उन्होंने महिला मतदान अधिकारियों को कहा कि पिंक बूथ हेतु जो भी जिम्मेदारी दी गई है। उसका प्रशिक्षण ध्यान से प्राप्त करें। उन्होंने संगवारी मतदान केंद्र में महिला मतदाताओं को उपलब्ध कराने जाने वाली व्यवस्थाओं से भी अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान सभी महिला पीठासीन अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पण्डरापाठ एवं पोस्कट में चलाया गया जन-जागरूकता अभियान

ग्रामीणों को सर्पदंश से बचाव एवं ईलाज की दी गई जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





बगीचा विकासखण्ड के पण्डरापाठ एवं पोस्कट में सर्पदंश के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया गया और लोगों को सर्पदंश से बचने के उपाय एवं सर्पदंश होने पर ईलाज इत्यादि के बारे में सर्प विशेषज्ञ कैसर हुसैन ने विस्तृत से जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्रामीणजनों के साथ-साथ झाड़फूंक करने वाले भी उपस्थित थे। जन-जागरूकता अभियान में बताया गया कि बरसात के मौसम में सर्प अक्सर बाहर निकल आते है। इसलिए इनसे बचाव करना जरूरी है। जागरूकता के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग सांप काटने से व्यक्ति को बैगा, गुनिया के पास झाड़-फूंक करवाने के लिए ले जाते है। जिसके कारण अस्पताल लेट में पहुंचने के कारण पीड़ित मृत्यु हो जाती है। इस हेतु ग्रामीणों को सर्पदंश से बचाव एवं जागरूकता के लिए समझाईश दी गई। साथ ही सर्पदंश पीड़ित को बैगा के पास न ले जाकर नजदीकी अस्पताल पहुंचने के लिए कहा गया है।

### बालको ने संयंत्र और समुदाय के साथ मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

**कोरबा** । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको ने हाल ही में संयंत्र और समुदायों के भीतर स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए बड़े उत्साह और समर्पण के साथ स्वच्छता पखवाड़ा मनाया। दो सप्ताह चले इस अभियान में विभिन्न कार्यक्रम शामिल थीं जिनमें स्वच्छता सहायक कर्मचारियों का अभिनंदन और स्वच्छता रैलियाँ शामिल थीं, जिनका उद्देश्य स्वच्छ और हरित वातावरण को बढ़ावा देना था। स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए जिम्मेदार लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए बालको ने एक सम्मान समारोह के दौरान अपने स्वच्छता समर्थन और हाउसकीपिंग स्टाफ के अमूल्य योगदान को सराहा। कंपनी ने कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों सहित सहायक सफाई कर्मियों की पहचान की और उन्हें बालको संयंत्र के भीतर और आसपास स्वच्छता बनाए रखने और स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए ष्स्वच्छता योद्धा् के रूप में सम्मानित किया। कंपनी द्वारा स्वच्छता सहयोगी स्टाफ के 30 से अधिक व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। बालको स्वच्छता के महत्व और स्वच्छ वातावरण पर जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समुदायों के भीतर एक स्वच्छता रैली का भी आयोजन किया। इस रैली में 200 से अधिक समुदाय के सदस्यों ने स्वच्छता पखवाड़ा में हिस्सा लिया। विशेष रूप से इन प्रतिभागियों ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन और इसके श्रन फॉर जीरो हंगरश् में भी योगदान दिया। स्वच्छ और हरित वातावरण के लिए सड़कों पर चलते हुए सभी नें श्रन फॉर जीरो हंगरश् का समर्थन किया। वन किलोमीटर वन मील भोजन से नंदघर के बच्चों को प्रत्येक किलोमीटर पर वन मील भोजन मुहैया कराया जाएगा। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम स्वच्छता की परिवर्तनकारी शक्ति में विश्वास करते हैं। हमारे पर्यावरण और हमारे सामूहिक कल्याण पर इसके गहरे प्रभाव को पहचानते हैं। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान हमारी अटूट प्रतिबद्धता स्वच्छ, हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है। अपने विभिन्न पहलों के माध्यम से हमारा लक्ष्य व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर सकारात्मक परिवर्तन की सुविधा प्रदान करना है, जिससे सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके।

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के जिला परियोजना समन्वयक को किया सम्मानित

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल, स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत सराहनीय कार्य करने पर बने प्रशंसा के पात्र

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के जिला परियोजना समन्वयक शिविर सिंह परमार को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ.खूबचंद बघेल, स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत सराहनीय कार्य करने पर प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया है। साथ ही भविष्य में विभागीय कार्यों एवं शासन की समस्त महत्वाकांक्षी योजनाओं में प्रगति की अपेक्षा की है।



विदित हो कि शिविर सिंह परमार के सार्थक प्रयास से जशपुर जिले में अब तक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खुबचन्द बघेल, स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत 77430 को नि:शुल्क उपचार का लाभ प्राप्त हुआ है। साथ ही मरीजों को जिले के बाहर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में भी लाभ प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से 41 मरीजों का लाभ मिला है। परमार द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में ईलाज हेतु सहायता के लिए आये 16 मरीजों का ईलाज भी विशेष प्रयास से मेडिकल कॉलेज एवं अन्य संस्थानों में कराया जा रहा है, जिससे पीड़ितों की जान बचाई जा रही है।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023

# कलेक्ट्रेट में किया गया नॉमिनेशन पूर्व नाम निर्देशन का मॉक ड्रिल

## कलेक्टर एवं एसपी ने लिया नाम निर्देशन प्रक्रिया की व्यवस्था का जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए नाम निर्देशन की प्रक्रिया जिले में 21 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही है इस हेतु जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव प्रत्येक विधानसभा वार कलेक्ट्रेट में नाम निर्देशन कक्षा बनाया गया है। जिसकी आवश्यक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था, नाम निर्देशन की प्रक्रिया, ऑनलाइन किए जाने की प्रक्रिया को प्रैक्टिस कर मॉक ड्रिल किया गया।

पूर्व अभ्यास इसलिए किया जाता है क्योंकि नॉमिनेशन के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी-रविशंकर ने कलेक्टर परिसर से अभ्यर्थियों की दूरी, प्रवेश प्रक्रिया एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नॉमिनेशन मॉक ड्रिल में प्रत्येक विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर अपने अधीनस्थ अमले के साथ उपस्थित रहे और ऑनलाइन प्रक्रिया सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही। नाम निर्देशन के दौरान अभ्यर्थियों के द्वारा जमा किए जाने वाले दस्तावेज एवं चेक लिस्ट के बारे में समस्त अधीनस्थ अमले को मॉक ड्रिल के माध्यम से बताया गया। इसके पश्चात नॉमिनेशन के ऑनलाइन प्रक्रिया को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ऑपरेटर को प्रशिक्षित किया गया। जिसमें विभिन्न जरूरी प्रपत्रों के बारे में जानकारी दिया गया। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने नॉमिनेशन कक्ष में कंप्यूटर सिस्टम, नेट कनेक्टिविटी, सीसीटीवी, वीडियो कैमरा, नॉमिनेशन रजिस्टर, चेक लिस्ट, शील, ट्रेंड कर्मचारी सहित सहित अन्य जरूरी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी. रविशंकर ने कलेक्ट्रेट परिसर में बेरिकेड्स सहित नॉमिनेशन कक्षा में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरपी चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, सर्व रिटर्निंग ऑफिसर एसडीओपी, प्रशासन एवं पुलिस अमला के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### नाम निर्देशन के आवश्यक दस्तावेज एवं सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश



कलेक्टर ने लिया साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

# आचार संहिता के नियमों का कड़ाई से कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय.सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने आचार संहिता से पूर्व स्वीकृत कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आचार संहिता के नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए एवं सभी विभाग के अधिकारियों को पूर्व के लंबित कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ, संबित मिश्रा, डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय,अपर कलेक्टर आइएल ठाकुर एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिन स्कूलों में मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाने हैं निर्वाचन के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए उन्होंने मतदान दलों के लिए जरूरी व्यवस्थाएं एवं सुविधाएं शौचालय, पानी, बिजली, पंखा सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सिकल सेल की जांच, ब्लड कंपोनेंट, डायलिसिस, जल जीवन मिशन की स्थिति आदि की जानकारी ली। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों में लगाए जा रहे बिजली कनेक्शन को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# जिला अस्पताल में बुजुर्ग व्यक्तियों हेतु नि :शुल्क व वृहद बुजुर्ग स्वास्थ्य जांच, उपचार व परामर्श

## शिविर का किया गया आयोजन, 149 मरीजों को जांच, उपचार व परामर्श सेवाओं की गई प्रदान

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 1 अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर राज्य से प्राप्त निर्देशानुसार 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक वृद्धावस्था में होने वाले स्वास्थ्यगत् समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये अक्टूबर माह को बुजुर्ग स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत् जशपुर जिलें के जिला चिकित्सालय एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में जनजागरूकता सह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रंजीत टोप्पो तथा कार्यक्रम के निर्देश तथा कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत ऑपट व जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री स्मृति एक्का के मार्गदर्शन में 16 अक्टूबर 2023 को जिला चिकित्सालय जशपुर में बुजुर्ग व्यक्तियों हेतु नि:शुल्क व वृहद् बुजुर्ग स्वास्थ्य जॉच, उपचार व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में ऑर्चिड हॉस्पिटल, रांची के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित चतुर्वेदी के द्वारा शिविर में अपनी सेवाएं दी गयी। साथ ही शिविर में विकासखंड स्तर से चिन्हांकित कर आए हूं। मरीजों को भी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अमित चतुर्वेदी के द्वारा जांच कर आवश्यक परामर्श दी गई। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में कुल 149 मरीजों को जांच उपचार व परामर्श सेवाएं प्रदान की गई। इनमें 60 वर्ष व अधिक आयु वर्ग के 77 मरीज में हृदय रोग के 35, मधुमेह के 8, उच्च रक्तचाप के 11, अस्थि रोग के 18 नेत्र रोग के 6, कर्ण रोग के 8, मानसिक रोग के 7, कैंसर रोग के 01 तथा 60 वर्ष से कम आयु वर्ग के कुल 72 मरीज में हृदय रोग के 5, मधुमेह के 8, उच्च रक्तचाप के 11, नेत्र रोग के 3, कर्ण रोग के 2, अस्थिरोग के 3 मरीज शामिल थे। साथ ही शिविर में मौसमी बीमारियों के 35 मरीजों को भी जांच उपचार कर परामर्श दी गई। शिविर के सफल आयोजन में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.अमित चतुर्वेदी, डॉ आरएन केरकेट्टा, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. एफखाखा, डॉ सीपी एक्का, डॉ अनुरंजन टोप्पो, डॉ लक्ष्मीकांत ऑपट एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# नवागढ़ विकासखण्ड के शा. प्राथमिक शाला चाकापेंन्ड्रा स्कूल में आचार संहिता का नहीं कर रहे पालन

## अचार संहिता लगने के बाद भी नहीं हटाएं पोस्टर बैनर, खुलेआम उड़ा रहे धज्जियां








जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल चाकापेंन्ड्रा के प्रधानपाठक की लापरवाही देखने कों मिल रही है। लगातार शासकीय नियमों की अवहेलना एवं लापरवाही के चलते शासकीय प्राथमिक स्कूल चाकापेंन्ड्रा में अव्यवस्था का आलम देखने को मिल रहे है। साथ ही आचार संहिता लगते ही पूरा प्रशासन मुस्तैदी से शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने जुट गया है। इसी तारतम्य में वाहनों की सघन चेकिंग, अवैध तरीके से शराब, पैसे, प्रचार सामग्री आदि का परिवहन करते वाहनों पर कार्रवाई, समस्त शासकीय संपत्तियों जैसे भवन, खंभे आदि से राजनीतिक पोस्टर, बैनर, झंडे, फ्लैक्स हटाने, दीवारों पर शासन की योजनाओं का प्रचार को पुतवाने का कार्य हो चुका है, परंतु नवागढ़ ब्लॉक के शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक स्कूल चाकापेंन्ड्रा के स्कूल के अंदर दिवार में बड़े बड़े राजनीतिक पोस्टर नियम-कायदों की धज्जी उड़ाते हुए लगे हुए।

** हम लोग के द्वारा निकाल दिये थे बच्चे लोग खेलने के चक्कर में लगा दिये थे।*

***प्रधानपाठक,शुरेक्षा बाई बंजारे***

** फैलेक्स स्कूल में नहीं लगा हुआ है वों एस्ट्रा रूम है कभी-कभी क्लास लगता है। और हम लोग तो निकाल दिये। लेकिन बच्चे लोग क्या समझे खेलने के चक्कर या किया सोचे निकल गये हैं करके दोबारा लगा दिये है। ये हम लोग को जानकारी नहीं है।*

***सुश्री अलका सिंह,सहायक शिक्षक***

# कैश ट्रांसफर ट्रांसपोर्टेशन उपयोग में ले जाने वाले वाहन में क्यूआर कोड चस्पा करना अनिवार्य होगा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



अपर कलेक्टर द्वेय डॉ. अनिल वाजपेयी, सीएल मार्कण्डेय एवं डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर की उपस्थिति में आज मंगलवार को विधानसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में जिले के बैंकिंग संस्थाओं की बैठक ली। उन्होंने चुनाव के समय बैंक खाताओं से होने वाले संदेहास्पद लेन-देन, किसी खाते से अधिक संख्या में पैसे की निकासी और एक ही दिन में अलग-अलग नाम से निकासी अवांछित लेनदेन होने की स्थिति में तुरंत ही सूचना देने के निर्देश दिए, और साथ ही कहा कि निर्वाचन के दौरान चुनाव अभ्यर्थियों का जीरो बैलेंस खाता खोला जाएगा। उन्होंने कहा की किसी खाते से एक लाख या उससे अधिक का लेन-देन किया जाता है और छोटी-छोटी राशियों के संदेहास्पद लेन-देन, एक ही जगह के एटीएम से बार-बार निकासी होने की स्थिति मे संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही की जाएगी। जिला सुचना अधिकारी ने बैंकिंग संस्था को बताया कि चुनाव के दौरान बैंकों के माध्यम से कैश लाने ले जाने की निगरानी हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम एप में सुविधा है। सभी शासकीय/अर्धशासकीय बैंक शाखाओं का संपूर्ण विवरण ऑनलाइन पोर्टल में एंट्री किया जाना अनिवार्य है। बैंकों द्वारा कैश वाहन के परिवहन किए जाने हेतु ऑनलाइन पोर्टल में डीएलबीसी लॉगिन के माध्यम से समस्त बैंक ब्रांच जिनके द्वारा कैश वहां का परिवहन किया जाना है इत्यादि प्रोफाइल बनाकर लॉगिन करना पड़ेगा होगा।

इसके पश्चात कैश वाहन जाने पर उसकी पूर्ण जानकारी एंट्री करें। क्यूआर कोड जनरेट कर वाहन में लगाना होगा। कैश ट्रांसफर ट्रांसपोर्टेशन में उपयोग में ले जाने वाले वाहन में क्यूआर कोड चस्पा करना अनिवार्य होगा जिसमें वाहन संबंधी जानकारी जैसे वहां की जानकारी दी एक बार जनरेट कर कोड एक बार में कैश ट्रांजैक्शन हेतु ही उपयोग किया जाएगा। क्यूआर कोड जनरेट करने पर चुनाव के दौरान चेक.पोस्टध्नाके में जांच किए जाने पर बार कोड स्कैनिंग के माध्यम से ऑथेंटिकेशन किया जाएगा जिससे असुविधा नहीं होगी। इसके अलावा उन्होंने सी विजल के माध्यम से वीडियो अपलोड करने की सुविधा भीं बताई। अपर कलेक्ट नें कहा कि लेनदेन की समस्त रिकॉर्डिंग सीसीटीवी के माध्यम से अनिवार्य रूप से रखा जाए। ऑनलाइन बैंकिंग यूपीआई के माध्यम से होने वाले लेनदेन की भी निगरानी की जाए। यदि किसी बैंक खाता यूपीआई के माध्यम से लगातार कैश ट्रांजेक्शन किया जाता है या किसी बैंक खाता जिस पर काफी समय से लेन देन ना हुआ हो और उस खाते से ही लेनदेन किया जाता है तो इसकी सूचना भी दी जाए। उन्होंने बैंकर्स को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया।

विधानसभा निर्वाचन 2023

# निर्वाचन संबंधी दायित्व समय-सीमा में पूर्ण करें नोडल अधिकारी

## कलेक्टर सौरभ कुमार ने ली समीक्षा बैठक

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों में संलग्न मानव संसाधन, प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, कम्प्यूटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी और आईटी, स्वीप नोडल अधिकारी, कानून व्यवस्था, ईव्हीएम मैनेजमेंट, एमसीसी नोडल अधिकारी, व्यय निगरानी, बैलेट पोस्टर-पेपर, एमसीएमसी, कम्युनिकेशन प्लान, मतदाता, शिकायत और मतदाता हेल्पलाइन आदि के नोडल अधिकारी की बैठक लेकर निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी निर्वाचन संबंधी दायित्वों को समय सीमा में पूरा करें। उन्होंने बिंदुवार निर्वाचन के कार्य की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पीठासीन अधिकारियों, सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण में उपस्थित रहें। उन्होंने मतदाता सूची, संभावित प्रत्याशियों के नामों का मतदाता सूची में नाम का मिलान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में मतदान केंद्रों के बाहर लेखन कार्य, मतदाता सहायता कक्ष, वाहन व्यवस्था, रूट चार्ट, मतपत्रों की उपलब्धता, सार्वजनिक सूचना जारी करने, पोस्टल बैलेट, ईव्हीएम का ट्रेनिंग, रेन्डमाइजेशन, कंट्रोल टेबल, कर्मचारी कल्याण, नामांकन कक्ष में कम्प्युटर, इंटरनेट सहित अन्य व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था, महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में लगी फ्लाइंट स्क्वॉड टीम को गंभीरता से कार्य करने और प्रकरण बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# नवागढ़ कालेज के छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




बेमेतरा जिला के नवागढ़ मुख्यालय में स्थित शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ में मंगलवार को सभी छात्र-छात्राओं व महाविद्यालय स्टाफ के साथ नवागढ़ के मुख्य चौक चौराहों पर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकालकर अभियान चलाया जिसमे छात्र-छात्राओं ने ना जाति पर ना धर्म पर बटन दबेगा कर्म पर जैसे नारे लगाकर जागरूकता अभियान चलाया फि र ग्राम कोडिया में पहुंचकर छात्र-छात्राओं के साथ सरकारी संस्थाओं पर वाल पेंटिंग कर नए मतदाताओं को एवं ग्राम वासियों को सत प्रतिशत मतदान के लिए जागरुक करते हुए संदेश दिया गया जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी निर्मल कुमार छात्र नेता परमेश्वर पात्रे,शिखा गेडाम, साहिल भागीरथी, अनिल, प्रशांत,तुलेश्वर,सुमित,चांदनी,किरन,मनीष वर्मा,महेश्वरी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं मौजूद रहे अंत में छात्र नेता पात्रे ने जानकारी देते हुए कहा की प्रदेश में कुछ महीनो बाद ही विधानसभा चुनाव होने है जिसके लिए निष्पक्ष मतदान हो लोग अधिक से अधिक मतदान हो इसी उद्देश्य रैली निकाला गया है।




# आपरेशन निजात के तहत रतनपुर पुलिस ने 32 पाव देशी प्लेन शराब सहित 1 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़ -रतनपुर।

जिले में पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा चलाये जा रहे नशे के विरूद्ध आपरेशन निजात कार्यवाही पुरे बिलासपुर जिले में की जा रही है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन में थाना रतनपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही किया जा रहा हैं 16 अक्तूबर 2023 को मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति महामाया हेलीपेड रतनपुर के पास भारी मात्रा में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब बिक्री हेतू रखा हैं। कि सूचना पर त्वरित कार्यवाही करने हेतू थाना प्रभारी द्वारा टीम गठित कर उक्त स्थान महामाया हेलीपेड रतनपुर के पास जाकर रेड कार्यवाही करने पर एक व्यक्ति से 32 पाव देशी प्लेन शराब कीमती करीबन 2560 रूपये व शराब बिक्री रकम 240 रूपये रखे हुये मिला। उक्त व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम पुष्पक यादव पिता स्व. रामानुज यादव उम्र 36 वर्ष निवासी गॉधीनगर रतनपुर बताया। जिसके द्वारा शराब रखने के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई कागजात नही होने से उक्त व्यक्ति के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।



# संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत जिले भर में 22000 से अधिक बैनर, पोस्टर और वॉल राइटिंग हटाए गए

## सार्वजनिक संपत्तियों से 15797 और निजी संपत्तियों से 6678 प्रचार सामग्रियां हटाई गईं

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



छत्तीसगढ़ में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 बीते 9 अक्टूबर को भारत सरकार निर्वाचन आयोग की घोषणा की बाद से ही पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से 17 अक्टूबर तक 18314 वॉल राइटिंग, पोस्टर, होडिंग,बैनर इत्यादि हटाने की कार्यवाही की गई हैं। सरकारी, सार्वजनिक संपत्तियों से 15797 और निजी संपत्तियों से 2517 प्रचार सामग्रियां हटाने की कार्यवाही की गई है। भारत सरकार निर्वाचन आयोग द्वारा बीते 9 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 की घोषणा के बाद कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी पीएस एल्मा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ के सभी रिटर्निंग ऑफि सर द्वारा संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत चिन्हांकित किए गए जगहों से प्रचार.प्रसार सामग्री हटाने की तुरंत कार्रवाई की गयी हैं। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं एमसीसी नोडल डॉ. अनिल बाजपेयी ने बताया कि मंगलवार 17 अक्तूबर तक 22475 सार्वजनिक संपत्तियों और निजी संपत्तियों से से हटाये गये है। इनमें 15797 सार्वजनिक संपत्तियों से और 6778 प्रकरण निजी संपत्तियों से संबंधित हैं। अधिनियम के तहत जिले भर में अब तक सार्वजनिक संपत्तियों से 6028 वॉल राइटिंग, 5363 पोस्टर, 2176 बैनर और 2230 अन्य प्रचार सामग्रियों हटाई गयी। इसी प्रकार निजी संपत्तियों से 4637 वॉल राइटिंग, 1236 पोस्टर, 631 बैनर और 234 अन्य प्रचार सामग्रियों हटाई गयी। जिले में धारा 144 लागू है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी शस्त्रधारियों को संबंधित थाने में शस्त्र जमा किए गए है। डॉ.बाजपेयी ने बताया कि निर्वाचन संपन्न होने तक जिले में धारा 144 प्रभावशील रहेगी। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र.शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान या सड़क पर लेकर नहीं चल सकेगा। राजनीतिक दल या अभ्यर्थी शस्त्र के साथ जुलूस नहीं निकाल सकेंगे। आपत्तिजनक पोस्टर बांटने पर भी प्रतिबंध रहेगा।



## एक नजर

### स्थैतिक निगरानी दल के साथ नियुक्त पुलिस विभाग के दल का प्रशिक्षण आज

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुचारू संपादन हेतु जिले में गठित स्थैतिक निगरानी दल के साथ नियुक्त पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का 18 अक्टूबर 2023 को जिला पंचायत सभा कक्ष में प्रशिक्षण आयोजित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सभाकक्ष में 18 अक्टूबर 2023 को मास्टर ट्रेनर प्रातः 11 से 12 बजे तक विधानसभा क्षेत्र कमांक-20 रामपुर, 21 कोरबा, 22 कटघोरा एवं 23 पाली तानाखार हेतु गठित स्थैतिक निगरानी दल के साथ नियुक्त पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी गठित दलों के अधिकारी कर्मचारियों को उक्त निर्धारित तिथि व समय पर अपने दलों के साथ प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए है।

### समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य हेतु अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

अन्य राज्यों के अवैध धान के आवक को रोकने के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर सौरभ कुमार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में सुचारू रूप से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन करनेए धान खरीदी की अवधि में अन्य राज्यों के अवैध धान के आवक को रोकने एवं अवांछित व्यक्तियों द्वारा पंजीकृत किसान के धान के रकबे में अवैध धान खपानेध्बेचने के प्रयास को रोकने हेतु अनुविभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में निगरानी दल का गठन कर विभिन्न अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की हैं। जिसके अंतर्गत अनुविभाग कोरबा हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा श्रीकांत वर्मा मोबाईल नम्बर 9479059150, तहसीलदार मनीष देव साहू 9753056999, सहायक खाद्य अधिकारी आशीष चतुर्वेदी 9752902661,खाद्य निरीक्षक करतला उर्मिला गुप्ता 7869990067, सहायक ग्रेड-3 कृषि मंडी कार्यालय कटघोरा राजेश झारिया 9179721881 की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार कटघोरा अनुभाग हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा सुश्री रिचा सिंह मोबाइल नम्बर 8889521806, तहसीलदार कटघोरा भूषण सिंह मंडावी 9993952669, तहसीलदार दीपका विनय देवांगन 78793895, खाद्य निरीक्षक कटघोरा मुकेश कुमार अग्रवाल 9827891097, मंडी सचिव कटघोरा मदन यादव 9179721881 की ड्यूटी लगाई गई है। अनुविभाग पोड़ी.उपरोड़ा हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पोड़ी.उपरोड़ा, हरीशंकर पैकरा मोबाईल नम्बर 8889590284, तहसीलदार पोड़ी.उपरोड़ा किशोर कुमार शर्मा 9340602771, तहसीलदार पसान लीलाधर ध्रुव 8770439283, सहायक खाद्य अधिकारी पोड़ीउपरोड़ा सुश्री सरोज उरेती 7974416084, मंडी उप निरीक्षक कृषि उपज मंडी कार्यालय कटघोरा दिनेश पैंकरा 9691594069 की ड्यूटी लगाई गई हैं।

अनुविभाग पाली हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली सुश्री रूचि शार्दुल मोबाईल नम्बर 9752903272 तहसीलदार पाली सूर्यप्रकाश केशकर 7805889095, तहसीलदार हरदीबाजार विष्णु पैंकरा 8319170944, खाद्य निरीक्षक पाली सुरेन्द्र कुमार लांझी 8871113284, मंडी उप निरीक्षक कृषि उपज मंडी कार्यालय कटघोरा आकाश भारद्वाज 8839080640 की ड्यूटी निर्धारित की गई हैं।

### वाहन मालिक निर्वाचन कार्य के लिए किराए में लगा सकते हैं अपने वाहन

प्रतिदिन 2250 रूपए की दर से लेकर 2345 रूपए तक किराया निर्धारित

**कोरबा** । विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए निर्वाचन कार्य के लिए वाहन व्यवस्था के लिए जिला परिवहन कार्यालय कोरबा को सहायक नोड़ल नियुक्त किया गया है तथा इस कार्यालय द्वारा वाहन अधिग्रहण कर मतदान कार्य के लिए उपलब्ध कराया जाएगा । अतः जिले के समस्त हल्के वाहन (बोलेरो / स्कार्पियो / इनोवा / सूमो / ज्याइलो/इर्टिगा) के वाहन स्वामियो से सहयोग की अपेक्षा है। विधान सभा निर्वाचन 2023 के लिए निर्वाचन कार्य पर अपने वाहन किराये पर लगाना चाहते हैं तो कृपया जिला परिवहन कार्यालय कोरबा में कक्ष 06 में संपर्क कर सकते हैं। इस कार्य हेतु जिला परिवहन अधिकारी एवं सहायक नोड़ल (वाहन व्यवस्था) विधान सभा निर्वाचन 2023 द्वारा हेल्पलाइन नं 6264680327-9131285133 (शुभम नेताम परिवहन उपनिरीक्षक / श्री सदानंद जांगड़े सहायक ग्रेड़-02) से संपर्क कर अपने वाहन को निर्वाचन कार्य के लिए संलग्न कर सकते हैं। जिला परिवहन अधिकारी श्री शशिकांत कुर्रे ने बताया कि निर्वाचन कार्य में संलग्न वाहनो का शासन द्वारा किराया निर्धारित किया गया है। जिसमें हल्के वाहनों का किराया प्रतिदिन 2250 /- की दर से लेकर 2345 रूपए निर्धारित किया गया है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) लैलूंगा, जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202310041800020/ अ-2/2022-2023

*ग्राम रूडुकेला, प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. लैलूंगा*

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक इंदू नगेशिया पति जगदीश नगेशिया जाति नगेशिया, निवासी बीरसिंघा, तहसील लैलूंगा जिला रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत कर मौजा रूडुकेला में स्थित अपने भूमि ख.नं. 230/11 रकबा 0.061 हे. भूमि को आवसीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित बी-1, खसरा, ले-आउट नक्शा, प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर/आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 27.10.2023 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 11.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय**
अधिकारी (रा.)
लैलूंगा
जिला रायगढ़ (छ.ग.)

# अंबेटिकरा में प्रज्जवलित हुआ सैकड़ों मनोकामना ज्योति कलश

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।





नवरात्र में जहां माता के दरबार में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है। धरमजयगढ़ से कुछ ही दूरी पर स्थित अंबेटिकरा मंदिर में भी दिनों दिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। जहां श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ति के लिए ज्योति कलश प्रज्जवलित की जाती हैं। वर्ष के दोनों नवरात्र में जहां मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित होती है। सात की संख्या से शुरू हुई ज्योति कलश बढ़ते-बढ़ते डेढ़ हजार तक पहुंच गई है। धरमजयगढ़ के आसपास के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी भक्त ज्योति कलश प्रज्जवलित कराते हैं। सैकड़ों की संख्या में जल रही ज्योति कलश के कक्ष में प्रवेश कर दर्शन करने से अलग अनुभूति होती है। नौ दिन तक कलश अनवरत जलती है।

विधानसभा निर्वाचन 2023

## उड़नदस्ता टीम को मिली पहली कामयाबी

### कार में मिला संदिग्ध 2 लाख 62 हजार रूपये नगद कैश,जब्त कर की गई कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

जिला मुख्यालय नजदीक सकरी बायपास के पास रेण्डम वाहन चेकिंग के दौरान उड़नदस्ता टीम को एक कार क्रेटा वाहन क्रमांक जीजे 36 एएफ 5777 से 2 लाख 62 हजार रूपये नगद कैश प्राप्त हुआ। उक्त वाहन में वाहन मालिक धरमपुरा रायपुर निवासी दुर्गेश जैन सहित एक अन्य व्यक्ति वाहन में सवार थे। उड़नदस्ता टीम द्वारा कैश के संबंध में जानकारी चाही गई। परन्तु जैन के द्वारा संतोष जनक जवाब नहीं मिलने के चलते प्रकरण बनाकर उक्त राशि को सील कर जिला कोषालय में जमा करा दी गई है। गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन हेतु आचार संहिता लागू होने से केवल 50 हजार रूपये तक नगद राशि रखने का प्रावधान है। उक्त कार्रवाई सहायक खाद्य अधिकारी सुशील टण्डन एवं प्रधान आरक्षक मन्नूलाल ध्रुव के नेतृत्व में टीम द्वारा किया गया।




## पुलिस और फ्लाईंग स्क्वॉड के सघन जांच में पिकअप से 6,43,800 रूपये नकद जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।



घरघोड़ा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर जिले में प्रवेश करने वाले चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल प्रवेश करने वाले वाहनों एवं व्यक्तियों की कड़ी निगरानी कर रही है। साथ ही किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई के लिये फ्लाईंग स्क्वॉड की विभिन्न टीमें सक्रिय है। वहीं वरिष्ठ पुलि अधीक्षक रायगढ़ के निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीमें पेट्रोलिंग के माध्यम से विभिन्न चौक चौराहा में वाहनों एवं व्यक्तियों की सघन जांच पड़ताल में लगी हुई है। इसी क्रम में 17 अक्टूबर 2023 को थाना घरघोड़ा क्षेत्र अंतर्गत एफएसटी टीम एवं घरघोड़ा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही दौरान घरघोड़ा बंगाली ढाबा चौक के पास वाहनों की चेकिंग दौरान पीकप कैम्पर, क्रमांक सीजी 14 डी 0591 को चेक किया गया कैम्पर में सवार दामोदर यादव पिता चन्द्रोराम यादव उम्र 36 साल निवासी लिसी थाना कापू जिला रायगढ़ के पास रखे बैग को चेक करने पर बैग में 6 लाख 43 हजार 800 रूपये बरामद हुआ। पूछताछ में कैश के संबंध में संबंधित व्यक्ति के द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए और ना ही कोई वैध कागजात प्रस्तुत किया गया। विदित हो कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार 50,000 रूपये से अधिक कैश के परिवहन करते समय उचित कागजात प्रस्तुत करना होगा। पुलिस द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन के दृष्टिगत कुल नकद 6,43,800 रूप्ये की विधिवत जप्ती कार्यवाही कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगे की कार्यवाही की जा रही है।



एक नजर

## जिले में पुलिस विभाग ने 107 व 116 की कार्यवाही




जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

देश और प्रदेश में जैसे ही चुनाव घोषित होते हैं या कोई वर्ग-संघर्ष अथवा प्रदर्शन या सरकार अथवा किसी घटना के विरूद्ध कोई मार्च आयोजित होता है तो भारतीय संविधान की दण्ड प्रक्रिया संहिता 107/116/151 का विधि व्यवस्था की स्थापना के लिए महत्व बढ़ जाता है। ऐसे में आक्रोशित जन सामान्य को नियंत्रित करने के लिए पुलिस इस कानून का सबसे ज्यादा प्रयोग करती है। देखा गया है कि पुलिस इन धाराओं में गिरफ्तारियां करके यह समझ लेती है कि उसका काम पूरा हो गया है और उसने समस्या पर काबू पा लिया है।वही जिले के कार्यवाही आंकड़े बता रही है सकारात्मक पुलिसिंग की ओर इशारा कर रही है आईये आंकड़े की ओर नजर डालते हैं।

जिले में जनवरी 2023 से सितम्बर 2023 तक की 107 व 116 की कार्यवाही के आंकड़े बलौदाबाजार 557प्रकरणो में 873 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज करहीबाजार 56 प्रकरणो में 83 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज पलारी 543प्रकरणो में 757 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज कसडोल 332 प्रकरणो में 459 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज सोनाखान 19 प्रकरणो में 34 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज राजादेवरी 19 प्रकरणो में 39 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज बया 15 प्रकरणो में 20 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज गिधपुरी 96 प्रकरणो में 141व्यक्तियों पर अपराध दर्ज भाटापारा श,282 प्रकरणो में 405 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज भाटापारा ग्रा. 470 प्रकरणो में 713 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज सुहेला 453 प्रकरणो में 701व्यक्तियों पर अपराध दर्ज सिमगा 249 प्रकरणो में 494 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज गिधौरी 176 प्रकरणो में 245 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज गिरौदपुरी 51 प्रकरणो में 73 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज लवन296 प्रकरणों में 438 व्यक्तियों पर अपराध दर्ज 71 हथबंद प्रकरणो में 95व्यक्तियों पर अपराध दर्ज है। इस प्रकार जिले भर में भदावि के धारा 107 व 116 के कूल 3685मामलो में 5570 व्यक्तियों पर प्रकरण दर्ज है।

## प्रेक्षकों के लिए जिला पंचायत में कंट्रोल रूम किया जाएगा स्थापित

**कोरबा** । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु प्रेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। जिसके अंतर्गत 04 सामान्य प्रेक्षक, 01 व्यय प्रेक्षक एवं 01 पुलिस प्रेक्षक शामिल है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त होने वाले सभी प्रेक्षकों के लिए जिला पंचायत कार्यालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित करने एवं कंट्रोल रूम में प्रेक्षकों हेतु कम्प्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट सहित सभी आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है।

## विजय कानूनगो ने एनटीपीसी तलाईपल्ली के परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।






एनटीपीसी तलईपल्ली ने 17 अक्टूबर, 2023 को अपने नए परियोजना प्रमुख, वी के कानूनगो का स्वागत किया। वहीं पूर्व परियोजना प्रमुख, सोमेस बंद्योपाध्याय को विदाई भी दी गयी। महाप्रबंधक, इन्फ्रा के रूप में अपनी वर्तमान भूमिका से आगे बढ़ते हुए, कानूनगो ने परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। समारोह के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए कानूनगो ने कहा, इस नयी जिम्मेदारी को अच्छी तरीके से निभाने की मैं पूरी तरह से कोशिश करूंगा। यह एक सुनहरा मौका है जहां मुझे एक ऐसी परियोजना का नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा जिसको एनटीपीसी के पावर प्लांट्स में कोयला आपूर्ति करने का कार्यभार दिया गया है। कानूनगो 1991 में कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में एनटीपीसी में शामिल हुए । कानूनगो ने मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल से इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री हासिल की है। इसके साथ ही, उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से पावर जेनरेशन टेक्नोलॉजी में मास्टर डिग्री भी हासिल की है। उनके पास एमडीआई, गुड़गांव से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा भी है। एनटीपीसी प्रशासनिक भवनए रायकेरा में आयोजित एक समारोह में, सोमेस बंद्योपाध्याय ने नए परियोजना प्रमुख को अपनी जिम्मेदारियां सौंपी और परियोजना में सुचारू कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। कानूनगो अपने साथ संचालन, पर्यावरण प्रबंधन, तकनीकी सेवाओं और इंफरा जैसे विभागों में काम कर, विशेषज्ञता का अनुभव लेकर आए हैं। उन्होंने दादरी, रत्नागिरी, मौदा, केंद्रीय कार्यालय और खरगोन सहित एनटीपीसी की परियोजनाओं में काम किया है। उनके पास एनटीपीसी में सतर्कता विभाग में कार्य करने का भी पर्याप्त अनुभव है। मौके पर टिप्पणी करते हुए कानूनगो ने कहा, देश की ऊर्जा उत्पादन की जरूरतों को पूरा करने के लिए एनटीपीसी तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना प्रतिबद्ध है।

## जमीन विवाद को लेकर प्राणघातक हमला, तीन आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।




जमीन विवाद को लेकर प्राणघातक हमला करने वाले तीन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है। घटना के बारे थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी ने बताया कि धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पुटुकछार मामला है। जहां 16 अक्तूबर की शाम 6 बजे समीर टोप्पो गांव में ही मजदूरों को मजदूरी का पैसा देकर वापस आ रहा था। तभी रूपराम किंडो ने मेरे जमीन को जोताई कर दिया है कह कर गंदी-गंदी गाली गलौज कर रहा था तभी उसका लड़का तेजकुमार किंडो एवं रामकुमार राठिया भी वहां आ पहुंचे। तीनों जान से मार देने की कह रहे थे इसी बीच रूपलाल किंडो टांगी से हमला कर दिया। जिससे समीर टोप्पो के गले में गंभीर चोट लगी और खून बहने लगा।

जैसे जैसे वह जान बचाकर वहां से भाग निकला। जिसके बाद समीर को इलाज के लिए सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी एसएसपी सदानंद कुमार, एडिशनल एसपी महादेवा, एसडीओपी दीपक मिश्रा को दी गई। जिनके मार्गदर्शन में घटना की तहरीर पर घायल से पूछताछ कर तीनों आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 298/23 के तहत 294,323,506,307,34 भादवि पंजीबद्ध कर लिया। जिसके बाद 24 घंटे के भीतर धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## चुनाव प्रक्रिया में पीठासीन अधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण जिला निर्वाचन अधिकारी

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल पोलिंग पर्सन ट्रेनिंग के द्वितीय दिवस पर भी सभी प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचे थे। जिसमें शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर और शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक शाला सूरजपुर शामिल है। उन्होंने प्रशिक्षण स्थल में प्रत्येक कक्ष मे जाकर निर्वाचन के लिए दिये जा रहे प्रशिक्षण की वस्तु स्थिति का सघन निरीक्षण किया। चुनाव प्रक्रिया हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के संबंध में विशेष निर्देश दिए। उन्होंने निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान हेतु मतदान दलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सभी निर्वाचन आयोग के एक अंग हैं। मतदान प्रक्रिया में सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना है। अपना आचरण एवं व्यवहार सही रखते हुए मतदाताओं के समक्ष निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी ईव्हीएम मशीन का संचालन स्वयं करके देखें। उन्होंने मतदान तिथि के पूर्व तथा मतदान के दिन समस्त आवश्यक व्यवस्था, अवश्य सुनिश्चित कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने ईव्हीएम द्वारा मतदान की कार्यप्रणाली, मतदान दलों को ईव्हीएम को मतदान के लिए तैयार करने, ईव्हीएम में ऐरर का निराकरण, ईव्हीएम के बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट की कार्यप्रणाली, मतदान के दौरान सावधानी, एवं आवश्यक कार्यवाही एवं प्रक्रिया, बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट की सीलिंग की प्रक्रिया तथा मतदान संपन्न होने के बाद सामग्री जमा करने की निर्धारित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी मतदान दलों को प्रदान करने के लिए प्रशिक्षकों को निर्देशित किया। इस दौरान प्रशिक्षण नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in